| 56 | Government Grants | 0.00 | 8000.00 | 935.00 | 2000.00 | 500.00 |
| 11030 | Regn. Money-Plots | 4659.23 | 7000.00 | 27455.97 | 28000.00 | 20000.00 |
| 11040 | Regn. Money-Building | 4.85 | 5000.00 | 561.42 | 1000.00 | 8000.00 |
| 58 | Other Deposit Against Work | 0.00 | 10.00 | 0.00 | 10.00 | 10.00 |
| | **Total (12)** | **4664.08** | **20010.00** | **28952.39** | **31010.00** | **28510.00** |
| | **Grand Total** | **53114.05** | **101755.00** | **76993.39** | **100039.40** | **121554.50** |

## Ghaziabad Development Authority
## Expenditure Statement for the year 2010-11

(Rs. in Lacs)

| Code | Head | Actual 2008-09 | Proposed 2009-10 | Actual 1.4.09 to 28.2. 2010 | Revised Budget 09-10 | Proposed for 2010-11 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | **Establishment Cost** | | | | | |
| 4140 | Salary | 1702.32 | 2300.00 | 2605.93 | 2900.00 | 3200.00 |
| 4150 | Wages | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4160 | Pension Fund | 66.68 | 70.00 | 74.04 | 81.00 | 90.00 |
| 4170 | C.P.F. | 250.55 | 300.00 | 201.61 | 300.00 | 300.00 |
| 4180 | G.I.S. | 1.58 | 2.00 | 1.44 | 2.00 | 2.00 |
| 4190 | Medical Reimbursement | 18.48 | 15.00 | 8.88 | 15.00 | 15.00 |
| 4210 | Honrarium | 4.45 | 5.00 | 1.79 | 5.00 | 5.00 |
| 4220 | Bonus | 16.13 | 25.00 | 0.00 | 25.00 | 100.00 |
| 4230 | Leave Encashment | 0.43 | 5.00 | 1.50 | 5.00 | 5.00 |
| 4250 | G.P.F./Others | 16.68 | 18.00 | 13.87 | 18.00 | 18.00 |
| | **Total (1)** | **2077.30** | **2740.00** | **2909.06** | **3351.00** | **3735.00** |
| | **Training & Work Shop** | 98.01 | 100.00 | 41.53 | 100.00 | 100.00 |
| | **Total (2)** | **98.01** | **100.00** | **41.53** | **100.00** | **100.00** |
| | **Vehicle Running** | | | | | |
| 010 | Repair & Maintenance | 51.54 | 60.00 | 53.40 | 60.00 | 60.00 |
| 020 | P.O.L | 107.08 | 120.00 | 91.42 | 120.00 | 120.00 |
| | **Total (3)** | **158.62** | **180.00** | **144.82** | **180.00** | **180.00** |
| | **Survey Expenses** | 45.10 | 300.00 | 101.74 | 300.00 | 300.00 |
| | **Total (4)** | **45.10** | **300.00** | **101.74** | **300.00** | **300.00** |
| | **Administration Cost** | | | | | |
| 010 | Legal Expenses (Court) | 235.26 | 250.00 | 164.17 | 250.00 | 200.00 |
| 020 | Stationery Expenses | 27.87 | 35.00 | 34.50 | 40.00 | 45.00 |
| 030 | Printing | 78.42 | 100.00 | 65.96 | 100.00 | 100.00 |
| 040 | Uniform | 17.83 | 15.00 | 14.99 | 15.00 | 18.00 |
| 050 | Telephone | 46.10 | 60.00 | 48.90 | 60.00 | 60.00 |
| 060 | Electricity | 38.95 | 50.00 | 20.34 | 50.00 | 50.00 |
| 080 | House & Water Tax | 18.79 | 30.00 | 0.00 | 30.00 | 30.00 |
| 090 | Postage | 3.29 | 5.00 | 5.86 | 6.00 | 8.00 |
| 100 | Entertainment, Refreshment & Meeting | 22.23 | 25.00 | 10.59 | 25.00 | 25.00 |
| 110 | Audit Fee | 300.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 120 | Library News Paper Etc. | 1.02 | 1.00 | 0.82 | 1.00 | 1.00 |
| 130 | Purchase of Revenue Stamps | 0.00 | 1.00 | 0.00 | 1.00 | 1.00 |
| 140 | Expenses on V.C. Discretion | 0.00 | 1.00 | 0.00 | 1.00 | 1.00 |
| 150 | Sports | 2.17 | 3.00 | 2.33 | 3.00 | 3.00 |
| 160 | Travelling Charges | 29.67 | 35.00 | 21.71 | 30.00 | 30.00 |
| 180 | Computer Software | 2.18 | 50.00 | 12.29 | 20.00 | 50.00 |
| 190 | Publicity of Various Schemes | 1721.53 | 1500.00 | 760.89 | 1000.00 | 1000.00 |
| 200 | Awas Bandhu U.P. Govt. | 20.00 | 20.00 | 20.23 | 20.00 | 20.00 |
| 210 | Function, Inaugurations & Welcome/Farewell | 10.81 | 15.00 | 7.93 | 15.00 | 15.00 |
| | Office Equipments | 11.28 | 15.00 | 12.91 | 15.00 | 15.00 |
| 220 | Miscellaneous Expenses | 76.85 | 90.00 | 33.87 | 50.00 | 60.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Total (5)** | **2664.25** | **2501.00** | **1438.29** | **1932.00** | **1932.00** |
| | **Repair & Maintenance (Civil, Elect. Etc.)** | | | | | |
| 29010 | Office Building | 205.26 | 200.00 | 132.03 | 200.00 | 50.00 |
| 29020 | Residential Building | 98.72 | 50.00 | 59.37 | 70.00 | 50.00 |
| 29030 | Drainage | 11.82 | 12.00 | 0.06 | 1.00 | 5.00 |
| 9040 | Sewage | 26.80 | 20.00 | 16.14 | 20.00 | 20.00 |
| 9045 | Water Supply | 83.96 | 90.00 | 85.81 | 90.00 | 90.00 |
| 9050 | Electricity | 107.94 | 120.00 | 105.99 | 120.00 | 120.00 |
| 9060 | Computer Maintenance | 19.43 | 25.00 | 20.58 | 25.00 | 30.00 |
| 9080 | Horticulture Maintenance etc. | 975.76 | 1300.00 | 1285.73 | 1300.00 | 1200.00 |
| 9090 | Other Big. Community Centres Hostel etc. | 30.11 | 30.00 | 14.59 | 30.00 | 30.00 |
| 9095 | Colonies of Dev. Authority Area | 24.39 | 50.00 | 18.88 | 25.00 | 50.00 |
| | **Total (6)** | **1584.19** | **1897.00** | **1739.18** | **1881.00** | **1645.00** |
| 0 | **Land Payments** | 18414.27 | 50000.00 | 20335.62 | 50000.00 | 50000.00 |
| | **Total (7)** | **18414.27** | **50000.00** | **20335.62** | **50000.00** | **50000.00** |
| 1 | **Purchase of Fixed Assets** | | | | | |
| 1010 | Mechanical Equipments | 0.27 | 10.00 | 0.20 | 10.00 | 10.00 |
| 1020 | Purchase of Jeep/Car | 11.11 | 10.00 | 29.78 | 30.00 | 10.00 |
| | **Total (8)** | **11.38** | **20.00** | **29.98** | **40.00** | **20.00** |
| 2, 73, 74 | Land Development/Construction Cost/Store | 46436.10 | 130000.00 | 71409.02 | 100000.00 | 100000.00 |
| | **Total (9)** | **46436.10** | **130000.00** | **71409.02** | **100000.00** | **100000.00** |
| | **Loans & Advances** | | | | | |
| 5 | Employees-Loans | 0.00 | 5.00 | 0.00 | 1.00 | 5.00 |
| 6 | Employees-Advances | 1079.45 | 300.00 | 1061.31 | 1100.00 | 500.00 |
| 6010 | Advance to Metro/Contractor/Suppliers | | | 13497.37 | 13500.00 | 100.00 |
| | **Total (10)** | **1079.45** | **305.00** | **14558.68** | **14601.00** | **605.00** |
| 8 | **Repayment of Loans** | 0.00 | 10.00 | 0.00 | 10.00 | 10.00 |
| | **Total (11)** | **0.00** | **10.00** | **0.00** | **10.00** | **10.00** |
| 9 | **Refund of Deposits** | | | | | |
| 9010 | Refund on Cancel/Surrender-Plots | 31.51 | 50.00 | 404.17 | 450.00 | 50.00 |
| 9020 | Refund on Cancel/Surrender-Buildings-Commercial | 9.80 | 100.00 | 15.81 | 100.00 | 100.00 |
| 9030 | Refund as per Court Order | 77.65 | 100.00 | 31.37 | 100.00 | 100.00 |
| | **Total (12)** | **118.96** | **250.00** | **451.35** | **650.00** | **250.00** |
| 4 | **Refund of Security/Regn. Amount** | | | | | |
| 4010 | Refund of Security of Contractors | 826.67 | 1000.00 | 168.50 | 200.00 | 250.00 |
| 4020 | Refund of Security of Employees | 0.34 | 1.00 | 0.00 | 1.00 | 1.00 |
| 4040 | Registrations/Earnest Money | 10029.53 | 10000.00 | 6986.19 | 10000.00 | 15000.00 |
| 4050 | Refund of Security on Community Center/GuestHouse | 1.43 | 5.00 | 0.47 | 5.00 | 5.00 |
| | **Total (13)** | **10857.97** | **11006.00** | **7155.16** | **10206.00** | **15256.00** |
| 0 | **Future Maintenance (Facilitation Services paid to Nagar Nigam)** | 7.02 | 200.00 | 6.26 | 200.00 | 200.00 |
| 1 | Deposit Works (Payment to Muradnagar, Loni & Dadri Parishad) | 0.00 | 10.00 | 0.00 | 10.00 | 10.00 |
| | **Total (14)** | **7.02** | **210.00** | **6.26** | **210.00** | **210.00** |
| | **Grand Total** | **83552.62** | **199519.00** | **120320.69** | **183461.00** | **174243.00** |

# राजस्व आय के प्रस्तावों पर विस्तृत टिप्पणियाँ

## 1. ब्याज से आय

### भवनों/भूखण्डों की किश्तों पर ब्याज/दण्ड ब्याज (04010/04020)

इस शीर्षक के अन्तर्गत किस्तों के आधार पर विक्रय की गई सम्पत्ति के निर्धारित भुगतान सारणी में शामिल साधारण ब्याज एवं किस्तों को देरी से जमा किए जाने पर दण्ड ब्याज की राशि को दर्शाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2009-10 में प्राविधानित राशि रु. 1600.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु. 1609. 20 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। चालू वर्ष 2009-10 के लिए पुनरीक्षित आय रु. 1725.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 2100.00 लाख की आय का प्राविधान किया जा रहा है।

## 2. मास्टर प्लान की मदों से आय :

### मानचित्र शुल्क से आय (05010)

प्राधिकरण सीमा क्षेत्र में किए जाने वाले निर्माण कार्यों को "बिल्डिंग बाइलाज" के अनुसार सुनियोजित निर्माण हेतु मानचित्र प्राधिकरण द्वारा पास किए जाते है। इस हेतु जो राशि प्राधिकरण द्वारा प्राप्त होती है। उसको इस शीर्षक में दर्शाया जाता है। वर्ष 2009-10 में प्राविधानित राशि रु. 200.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु. 103.08 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए, वर्ष 2009-10 के लिए पुनरीक्षित अनुमान रु. 200.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के हेतु रु. 200.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

### समाधान शुल्क : (05020)

ऐसे भवनो जो स्वीकृत प्लानो के अनुसार नहीं बनाए जाते, उनमें बिल्डिंग बाईलाज में निहित विचलन से जो राशि प्राप्त की जाती है इस मद में दर्शायी जाती है। वर्ष 2009-10 में प्राविधानित राशि रु. 10000.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 10 तक रु. 6319.70 लाख की आय प्राप्त हुई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय

वर्ष लिए पुनरीक्षित अनुमान रु. 10000.00 लाख एवं वित्तीय 2010-11 हेतु रु. 15000.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

**लाईसेंस शुल्क : (05030)**

इस मद में प्राईवेट बिल्डर्स द्वारा जो कालोनियाँ विकसित की जा रही है उनमें शासन के निर्देशानुसार प्रति एकड़ की दर से लाईसेन्स फीस ली जानी प्रस्तावित है। तदानुसार इस मद में रु. 10.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

**न्यायालय द्वारा आरोपित दण्ड से आय : (10)**

अनाधिकृत निर्माणों पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध बिल्डिंग बाइलाज की धाराओं के अन्तर्गत चालान किए जाते हैं। जिनके विपरीत निर्माणकर्ता न्यायालय की शरण में चले जाते हैं पर न्यायालय द्वारा इस प्रकार के निर्माण पर जो दण्ड लगाया जाता है। इस मद में रु. 25.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु. 0.12 लाख की प्राप्ति हुई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु. 25.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 हेतु रु. 25.00 लाख का प्रावधान किया जा रहा है।

**विकास शुल्क : (05050)**

इस शीर्षक के अन्तर्गत प्राधिकरण क्षेत्र में निजी बिल्डर्स द्वारा विकसित की जा रही योजनाओं व प्राईवेट कालोनियों के भू-विन्यास मानचित्र स्वीकृत करने से पूर्व नियमानुसार विकास शुल्क लिया जाता है। वर्ष 2009-10 आय अनुमान रु. 5000.00 के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु. 5945.42 लाख की प्राप्ति हुई है। इसी को दृष्टीगत रखते हुए, इस मद में 2009-10 के लिए पुनरीक्षित अनुमान रु. 7000.00 लाख एवं 2010-11 हेतु रु. 10000.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

**लेवी से आय : (08)**

आवंटित भूखण्डों पर नियमानुसार निर्माणावधी अन्तर्गत निर्माण कार्य सम्पन्न न कराने पर आवंटियों से नियमानुसार प्रति वर्ष लेवी चार्ज की जाती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए इस मद से रु. 35.00 लाख की आय का अनुमान रखा गया था।

जिसके विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 26.01 लाख की प्राप्ति हुई। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष के लिए पुनरीक्षित आय रु० 35.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 हेतु रु० 35.00 लाख का अनुमान प्रस्तावित किया जा रहा है।

## 3. किराये से आय

इस शीर्षक के अन्तर्गत किराये से प्राप्त आय की निम्नलिखित कुल 7 उपमदों को शामिल किया गया है :

**हस्तान्तरण शुल्क/नामान्तरण : (09)**

शासन की नीतियों के अनुसार सम्पत्तियों का निस्तारण फ्रीहोल्ड के आधार पर किया जा रहा है। क्रेता Re-Sale की स्थिति में इच्छानुसार यदि प्राधिकरण के लेखे में अपना नाम दर्ज करना चाहता है तो विक्रय राशि का एक प्रतिशत जमा करा सकते है। इस मद के रु० 400.00 लाख के अनुमान के विपरीत माह फरवरी 2010 तक रु० 300.90 लाख की प्राप्ति हुई। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष के लिए रु० 400.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 हेतु रु० 400.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

**लीज किराया : (01010)**

प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड 90 वर्ष की अवधि के लिये पट्टे पर विक्रय किये जाते है। पूर्व वर्षों में निर्धारित लीज किराया प्रत्येक वर्ष का आवंटियों को जमा करना होता था। शासनादेश संख्या 7695/11/5/80 नि. 86 दिनांक 23.10.86 के द्वारा भूखण्डों का लीज किराया उनकी कीमत का 10 प्रतिशत भूखण्ड का कब्जा देते समय ही प्राप्त करने की सुविधा लागू की गयी। इस मद में रु० 1500.00 लाख की आय अनुमान के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 502.39 लाख की प्राप्ति हुई। इसी को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2009-10 के लिए पुनरीक्षिण अनुमान रु० 600.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 हेतु रु० 1500.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

**भवनों का किराया : (01020)**

इस शीर्षक के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा किराये पर आवंटित भवनों से प्राप्त धनराशि को दर्शाया जाता है। किराये के भवनों को शासन की नीति के तहत विक्रय किया जा रहा है। वर्तमान में केवल अतिदेय की वसूली भी की जा रही है। अतः इस मद में रु० 6.00 लाख का आय अनुमान रखा गया था, जिसके विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 2.04 लाख की प्राप्ति हुई, इसी को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 3.00 लाख एवं 2010-11 हेतु रु० 2.50 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

**दुकानों का किराया : (01030)**

इस शीर्षक के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा किराये पर आवंटित दुकानों से प्राप्त धनराशि को दर्शाया जाता है। इस मद में रु० 20.00 लाख की आय का अनुमान रखा गया था, जिसके विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 14.99 लाख की प्राप्ति हुई, इसी को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 20.00 लाख की एवं वर्ष 2010-11 हेतु रु० 20.00 लाख की आय का अनुमान प्रस्तावित किया जा रहा है।

**सामुदायिक केन्द्र का किराया : (01040)**

इस वर्ष के आय अनुमान रु० 10.00 लाख के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 2.93 लाख की प्राप्ति हुई, इसी को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 10.00 लाख एवं 2010-11 हेतु रु० 10.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

**फ्री-होल्ड चार्जेज : (13)**

चालू वर्ष के आय अनुमान रु० 100.00 लाख के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 43.40 लाख की प्राप्ति हुई। इसी को दृष्टिगत रखते हुए, वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 100.00 लाख एवं 2010-11 हेतु रु० 100.00 लाख का अनुमान प्रस्तावित किया जा रहा है।

35

**अन्य किराया : (01050)**

इस मद के अन्तर्गत कार्यालय प्रांगण में स्थित कैन्टीन, यू.पी. बार्डर पर प्लाट/शेड, हापुड मार्ग पैट्रोल पम्पों के भूखण्ड, पार्कों आदि से प्राप्त आय को दर्शाया जाता है। इस मद में रु० 90.00 लाख की आय का अनुमान रखा गया था जिसके विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 80.36 लाख की प्राप्त हुई, इसी को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 90.00 लाख एवं 2010-11 हेतु रु० 100.00 लाख की आय प्रस्तावित किया जा रहा है।

## 4. स्टाम्प ड्यूटी से आय : (02)

इस शीर्षक के अन्तर्गत प्राधिकरण क्षेत्र/नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले भूखण्डों/भवनों की रजिस्ट्री के समय देय 2% स्टाम्प ड्यूटी का 1/3 भाग प्राप्त होता है। इस मद में प्रस्तावित अनुमान रु० 5000.00 लाख के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 3641.92 लाख की प्राप्त हुई है। वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 5000.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 5000.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

### 5. विनियोग पर ब्याज : (04030)

प्राधिकरण के द्वारा विभिन्न बैंकों में एफ.डी.आर. के रूप के विनियोग की गई राशि पर एवं बचत बैंक खातों पर मिलने वाले ब्याज को दर्शाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए प्राविधानित रु० 10000.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 6021.30 लाख की प्राप्ति हुई है। पुनरीक्षित अनुमान रु० 10000.00 लाख एवं वर्ष 2010-11 हेतु रु० 7000.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

## 6. भण्डार की कटौतियाँ (52)

इस मद के अन्तर्गत निर्माण/विकास कार्यों के विरुद्ध ठेकेदारों को निर्गत की गई सामग्री जैसे स्टील, सीमेंट आदि की वसूली उनके चालित देयकों से की जाती है। वसूल की गई धनराशि को इस मद में दर्शाया जाता है। यह मद वास्तव में आय की मद नहीं है। इस मद में कुल कटौती रु० 1430.00 लाख के अनुमान के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 3716.82 लाख की रही है। चालू वर्ष में चल रहे निर्माण/विकास कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए, चालू वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 4230.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 4730.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

## 7. अन्य आय : (06)

इस मद में कुल 7 उपमदों को मिलाकर रु० 1906.00 लाख का प्राविधान किया गया था। जिसके विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 2079.73 लाख की प्राप्ति हुई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 2546.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 2776.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

## 8. रिफण्ड पर कटौती से आय

इस मद के अन्तर्गत आवंटित सम्पत्ति को यदि आवंटी स्वेच्छा से परित्याग करता है, अथवा प्राधिकरण द्वारा सम्पत्ति का आवंटन निरस्त किया जाता है, तो नियमानुसार प्राधिकरण द्वारा रिफण्ड योग्य राशि से कटौती की जाती है। चालू वर्ष हेतु प्राविधानित राशि रु० 8.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 696.03 लाख की कटौती की गई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 700.10 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 11.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

## 9. सम्पत्ति की बिक्री से आय : (50-51)

इस मद के अन्तर्गत विक्रय की गई सम्पत्ति से मूल्य के विरूद्ध प्राप्त राशि को दर्शाया जाता है। चालू वर्ष हेतु रु० 29100.00 लाख प्राविधानित था, जिसके विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 16108.62 लाख की प्राप्ति हुई है, इसी क्रम में चालू वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 20300.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 33050.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

## 10. ऋण प्राप्ति

इस मद के अन्तर्गत ऋण प्राप्त राशि को दर्शाया जाता है। प्राधिकरण द्वारा इस मद में वर्ष 2009-10 के लिए रु० 3.00 लाख का प्राविधान किया गया था, परन्तु कोई ऋण प्राप्त नहीं किया गया है। वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 3.00 लाख को टोकन प्राविधान किया जा रहा है।

## 11. ऋण वसूली

इस मद के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा अपने कर्मचारियों/अधिकारियों को दिए गए भवन निर्माण अग्रिम/वाहन अग्रिम की वसूली के रूप में प्राप्त होने वाली राशि का दर्शाया जाता है। प्राविधानित राशि रु० 2.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 1.78 लाख की वसूली की गई है। इसलिए चालू वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 2.30 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 2.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

## 12. डिपोजिट् अगेंस्ट वर्क्स एवं प्रोपर्टीईज़

इस मद के अन्तर्गत शासन से प्राप्त होने वाली शासकीय ग्रान्ट के अतिरिक्त योजनाओं में आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा की जाने वाली पंजीकरण राशि को दर्शाया जाता है। चालू वर्ष हेतु रु० 12000.00 लाख की प्राविधानित राशि के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 28017.39 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। इसी क्रम में चालू वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 29000.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 28000.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

# राजस्व व्यय के प्रस्तावों पर विस्तृत टिप्पणियाँ

## 1. अधिष्ठान के वेतन भत्ते : (24)

इस मद के अन्तर्गत प्राधिकरण के नियमित, दैनिक वेतन व कान्ट्रैक्ट पर कार्यरत समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों के वेतन एवं महंगाई भत्ता आदि के व्यय को दर्शाया जाता है। वेतन के अतिरिक्त चिकित्सा-व्यय, मानदेय, बोनस, अवकाश नकदीकरण, अवकाश वेतन, पेन्शन अंशदान आदि अधिष्ठान सम्बन्धी व्यय इसी मद में आते है। इस मद में कुल रु० 2740.00 लाख का प्राविधान विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 2909.06 लाख का व्यय हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 3351.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 हेतु रु० 3735.00 लाख का प्राविधान प्रस्तावित है।

## 2. रिसर्च, ट्रेनिंग, डिजाईन एवं परामर्श शुल्क : (25)

प्राधिकरण की विभिन्न परियोजनाओं पर बाहरी एजेन्सियों से परामर्श एवं आर्किटैक्ट आदि पर व्यय, बैलेन्स शीट बनवाने पर चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट को किया गया भुगतान तथा प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण पर भेजे जाने पर किये गये व्ययों को इस मद में दर्शाया जाता है। इस वर्ष व्यय अनुमान रु० 100.00 लाख के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 41.53 लाख का व्यय हुआ है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए पुनरीक्षित अनुमान रु० 100.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 हेतु रु० 100.00 लाख का अनुमान प्रस्तावित है।

## 3. मशीनरी, संयत्र, जीप व स्टाफ कार आदि पर व्यय : (26)

प्राधिकरण के वाहनों, पम्प सैट तथा जनरेटर की मरम्मत एवं पैट्रोल, डीजल आदि के व्ययों को उपरोक्त मद में शामिल किया जाता है। इस वर्ष इन मदों के व्यय प्राविधान रु० 180.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 144.82 लाख का व्यय हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु. 180.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 180.00 लाख का प्राविधान प्रस्तावित है।

## 4. सर्वे : (31)

नई योजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व भूमि तथा क्षेत्र के सर्वे पर किया जाने वाला व्यय इस मद में दर्शाया जाता है। व्यय प्राविधान रु. 300.00 लाख के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 101.74 लाख का व्यय हुआ है। वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 300.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 300.00 लाख व्ययानुमान प्रस्तावित है।

## 5. कार्यालय प्रकीर्ण व्यय : (27)

इस लेखा शीर्षक के अन्तर्गत कार्यालय के सामान्य कार्यकलापों के संचालन हेतु आवर्तक व्यय का प्राविधान किया जाता है। व्यय के सही वर्गीकरण के उद्देश्य से लेखन सामग्री, मुद्रण, यात्रा भत्ता, कर्मचारियों को वर्दी, दूरभाष, कार्यालय के विद्युत बिलों के भुगतान, कम्प्यूटर, सोफ्टवेयर डाक व रसीदी टिकट पर व्यय, सम्परीक्षा शुल्क, खेलकूद, पुस्तकालय पत्रिका एवं समाचार पत्रों पर व्यय, गृहकर एवं जलकर, विज्ञापन तथा विधि व्यय आदि का प्राविधान किया जाता है। उपरोक्त के अतिरिक्त जलपान एवं अतिथि स्वागत पर व्यय तथा राष्ट्रीय पर्वों पर होने वाले व्ययों के लिये प्राविधान किया जाता है। शासनादेश सं. 2713/9-आ-11 विविध/97 दिनांक 07.06.97 के तहत रु० 20.00 लाख प्रतिवर्ष का भुगतान आवास बन्धु उ.प्र. शासन को किया जाना है। सुविधा की दृष्टि से इस शीर्षक में दर्शाया जाता है।

चालू वर्ष योजनाओं के प्रसारणों पर रु० 1500.00 लाख का व्यय प्राविधान किया गया जिसके विपरीत रु० 760.89 लाख का व्यय हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 1000.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 1000.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

चालू वित्तीय वर्ष हेतु कानूनी व्यय हेतु रु० 250.00 लाख का प्राविधान किया गया, जिसके विपरीत माह फरवरी 2010 तक रु० 164.17 लाख का हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 250.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 200.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

कार्यालय लेखन सामग्री मद में रु० 35.00 लाख का व्यय प्राविधान के विपरीत माह जनवरी 2010 तक रु० 34.50 लाख का व्यय हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 40.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 45.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

बिजली आपूर्ति के मद में रु० 50.00 लाख के प्राविधान के विपरीत माह फरवरी 2010 तक रु० 20.34 लाख का हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 50.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 50.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

प्राधिकरण के लेखों का ऑडिट स्थानीय निधि लेखा सम्परीक्षा विभाग, इलाहाबाद द्वारा किया जाता है, जिसके लिये शासन द्वारा निर्धारित फीस देय होती है। रु० 200.00 लाख का व्यय प्राविधान के विपरीत माह फरवरी 2010 तक रु० 200.00 लाख का व्यय हुआ है। चालू वित्तीय वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 200.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 200.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है। यात्रा भत्ता मद में रु० 35.00 लाख के व्यय का प्राविधान के विपरीत रु० 21.71 लाख का व्यय हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 30.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 30.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

इस प्रकार प्रकीर्ण व्यय मद के अन्तर्गत समस्त मदों को मिलाकर कुल रु० 2501.00 लाख के व्ययानुमान के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 1438.29 लाख का व्यय किया गया है। तदानुसार इसी क्रम में चालू वित्तीय वर्ष के लिए रु० 1932.00 लाख पुनरीक्षित अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 हेतु रु० 2032.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

## 6. रख-रखाव पर व्यय : (29)

इस मद के अन्तर्गत कुल 10 उपमदें सम्मिलित है, जिसमें कार्यालय भवन, स्टाफ आवासीय भवन रख-रखाव, जलोत्सारण, सीवरेज, जल सम्पूर्ति, विद्युत रख रखाव, पार्क आदि के रख रखाव के व्यय को अलग-अलग दर्शाया गया है। इन समस्त उप मदों को मिलाकर रखरखाव मद पर कुल रु० 1897.00 लाख के व्यय का प्राविधान के विपरीत माह फरवरी 2010 तक कुल रु० 1739.18 लाख हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 1881.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 1645.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

## 7. भूमि अर्जन व्यय : (70)

प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं हेतु भूमि अर्जन व्यय का प्राविधान इस मद में किया जाता है। व्यय प्राविधान रु. 50000.00 लाख के विरुद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 20335.62 लाख का व्यय किया गया है। प्रस्तावित योजनाओं के अधिग्रहण की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, चालू वित्तीय-वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 50000.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 50000.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

## 8. मशीनरी, संयंत्र तथा स्टाफ कार का क्रय : (71)

इस मद में रु० 20.00 लाख के व्यय प्राविधान के विपरीत माह फरवरी 2010 तक रु० 29.98 लाख का व्यय हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष पुनरीक्षित अनुमान रु० 40.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 20.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

## 9. विकास कार्य/निर्माण/भण्डार : (72) / अवस्थापना (82)

इस शीर्षक के अन्तर्गत प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय योजनाओं के विकास निर्माण से सम्बन्धित कार्यों का व्यय दर्शाया जाता है, जिसमें भवन निर्माण, सड़कों का निर्माण, जल सम्पूर्ति, जलोत्सारण, वर्षा जल निकासी, विद्युतीकरण, प्रकाश व्यवस्था, वृक्षारोपण, हरित पट्टी एवं पार्क निर्माण एवं अवस्थापना आदि के व्यय सम्मिलित है। वर्ष 2009-10 में योजनाओं के विकास कार्यों हेतु रु० 130000.00 लाख का व्यय प्राविधान किया गया था, जिसके विपरीत माह फरवरी 2010 तक रु० 71409.02 लाख का व्यय हुआ है। प्राधिकरण के क्षेत्र में पड़ने वाले कार्य एवं अवस्थापना के कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 100000.00 लाख एवं विभिन्न योजनाओं के अपूर्ण निर्माण एवं विकास कार्य, फ्लाई ओवर/आर.ओ.बी. तथा नई प्रस्तावित योजनाओं को दृष्टिगत रखते हुए है एवं मैट्रो परियोजना पर होने वाले व्यय को शामिल करते हुए रु० 100000.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

## 10. ऋण एवं अग्रिम

इस मद के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा अपने नियमित कर्मचारियों/अधिकारियों को शासनादेश अनुसार दिए जाने वाले भवन निर्माण/वाहन क्रय अग्रिम की राशि के साथ-साथ विभिन्न कार्यों को विभागीय पद्धति से कराये जाने पर सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी का कार्य अग्रिम के रूप में दी गई राशि को दर्शाया जाता है। चालू वर्ष हेतु प्राविधानित रु० 305.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 14558.68 लाख का व्यय हुआ है। इस मद में प्राविधान से अधिक खर्चा होने का मुख्य कारण यह रहा है कि मधुबन-बापूधाम एवं मैट्रो को दी गई धनराशि एडवांस के रूप में दी गई है। चूंकि यह राशि समायोजन योग्य है। इसलिए पुनरीक्षित अनुमान रु० 14601.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 605.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

43

## 11. ऋण वापसी

इस मद के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वन हेतु लिए गए ऋण की राशि का प्रतिदान दर्शाया जाता है। चूंकि प्राधिकरण द्वारा कोई ऋण प्राप्त नहीं किया गया है। इसलिए इस मद में वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 10.00 लाख का टोकन प्राविधान किया जा रहा है।

## 12. जमा किश्तों की वापसी, निरस्त व परित्याग पर : (79)

उक्त मदों के अन्तर्गत भूखण्डों तथा भवनों के आवंटन के पश्चात् जो आवंटी भवनों/भूखण्ड का परित्याग करते है अथवा प्राधिकरण द्वारा आवंटन अनियमित होने पर निरस्त किया जाता है, निरस्तीकरण उपरांत वापसी योग्य राशि इस मद के अन्तर्गत दर्शायी जाती है। कई मामलों में रिफण्ड के साथ-साथ न्यायालय के आदेश होने पर क्षतिपूर्ति भी करनी पड़ती है। इस क्षतिपूर्ति के भुगतान को अलग उपमद में इसी मद में दर्शाया जाता है। इस मद में कुल रु० 250.00 लाख का व्यय प्राविधान किया गया था, जिसके विपरीत माह फरवरी 2010 तक रु० 451.35 लाख का व्यय हुआ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष हेतु पुनरीक्षित अनुमान रु० 650.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 250.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

## 13. जमानत/पंजीकरण की वापसी : (34)

इस मद के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में आवेदन पत्र के साथ प्राप्त पंजीकरण राशि का 'ड्रा' उपरान्त असफल आवेदकों को वापस किए जाने के साथ-साथ प्राधिकरण में कार्यरत ठेकेदारों के चालू बिलों से काटी गई नकद जमानत राशि के कार्य सन्तोषजनक रूप सम्पूर्ण होने के उपरान्त अनुबन्ध शर्तों के अधीन जमा राशि को अवयुक्त किया जाता है। चालू वर्ष 2009-10 हेतु इस मद में शामिल 4 उपमदों में कुल रु० 11006.00 लाख प्राविधानित था, जिसके विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 7155.16 लाख की वापसी हुई है। विभिन्न योजनाओं के 'ड्रा' की स्थिति के दृष्टिगत चालू वर्ष हेतु रु० 10206.00 लाख का पुनरीक्षित अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए रु० 15256.00 लाख का प्राविधान किया जा रहा है।

## 14. नगर निगम को हस्तान्तरित कॉलोनी के हेतु : (80)

इस मद के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा जो कॉलोनियों को पूर्ण रूप से विकसित करने के उपरान्त नगर निगम को हस्तान्तरित की जाती है, उनमें हस्तान्तरण के समय नगर निगम इस मांगी राशि को दर्शाया जाता है। चालू वर्ष हेतु रु० 200.00 लाख के विरूद्ध माह फरवरी 2010 तक रु० 6.26 लाख का व्यय किया गया है। इसी क्रम में चालू वर्ष हेतु रु० 200.00 लाख का पुनरीक्षित एवं 2010-11 के लिए रु० 200.00 लाख का व्ययानुमान प्रस्तावित है।

121
12/3/2010

मद संख्या : **5**

विषयः– प्राधिकरण की मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना हेतु अर्ह–भू–स्वामियों को अधिग्रहीत भूमि की दी जाने वाली 6 प्रतिशत भूमि में से 2 प्रतिशत व्यवसायिक भूमि दिये जाने तथा योजना के खोले जाने वाले पंजीकरण में स्थानीय कास्तकारों को 17 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना हेतु ग्राम सदरपुर, रसूलपुर–याकूतपुर, मोहिउददीनपुर–मैनापुर, नगला पाठ एवं ग्राम मोरटा की 1234.131 एकड़ भूमि भू–अर्जन अधिनियम–1894 के अन्तर्गत अर्जित कर अपर–जिलाधिकारी (भू–अर्जन), सिंचाई, गाजियाबाद द्वारा प्राधिकरण को हस्तान्तरित की जा चुकी है। योजना में आपसी समझौते के आधार पर करार से प्राप्त भूमि पर भवनों का निर्माण/विकास कार्य प्रगति पर था परन्तु दिनॉक 01.02.2010 को प्रभावित कास्तकारों द्वारा अपनी माँगे पूरी कराने हेतु कार्य में अवरोध उत्पन्न किया गया तथा निर्माण/विकास कार्य बन्द करा दिये गये।

करार की शर्तो के निर्धारण के समय यह सहमति बनी थी कि ग्रेटर नोएडा की तरह अर्जित भूमि के एवज में सम्बन्धित कास्तकारों को आबादी विस्तार हेतु प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनॉक 09.09.2005 के अनुसार अर्ह कृषकों की अर्जित होने वाली भूमि का 5 प्रतिशत विकसित भू–खण्ड आवंटित किये जायेंगे तथा यह आवंटन गाँव की आबादी से लगी भूमि पर विकास कार्य कराकर भू–अधिग्रहण पर होने वाले वास्तविक व्यय को जोड़कर बिना लाभ–हानि के उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया।

अर्जित भूमि के सम्बन्ध में आपसी समझौते के आधार पर जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में दिनॉक 08.10.2007 को कास्तकारों के साथ हुई बैठक में हुए समझौता–पत्र के बिन्दु–8 के अनुसार आवंटित किये जाने वाले भू–खण्ड मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना हेतु अधिग्रहीत भूमि के अनुसार उसी योजना जिसके लिए भूमि अधिग्रहित की गई है, में अर्ह श्रेणी के अनुसार भिन्न–भिन्न ब्लाकों/सैक्टरों में आवंटित किये जायेंगे तथा अर्जित भूमि का प्रतिकर समस्त लाभों सहित रु0 1100.00 प्रति वर्ग0मी0 की दर से निर्धारित किये जाने पर सहमति बनी थी।

प्राधिकरण बोर्ड की 119 वीं बैठक दिनॉक 05.09.2009 में प्राधिकरण की मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना हेतु 5 प्रतिशत के स्थान पर अधिग्रहित भूमि का 6 प्रतिशत भूमि अर्ह भू–स्वामियों के पुर्नवास हेतु आवंटित किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना में चल रहे निर्माण/विकास कार्यो को कास्तकारों के द्वारा दिनॉक 01.02.2010 से इस माँग के साथ बन्द करा दिये गये कि योजना में कास्तकारों को दी जाने वाली 6 प्रतिशत भूमि का मूल्य जब तक निर्धारित नही किया जाता है, तब तक निर्माण/विकास कार्य बन्द रहेंगे। उक्त के सम्बन्ध में कास्तकारों के साथ दिनॉक 01.02.2010 से

(नरेन्द्र कुमार)
सचिव

डी० के० त्यागी
अधिशासी अभियन्ता–प्रथम

दिनाँक 10.02.10 तक चली कई बैठकों में उक्त के अतिरिक्त कतिपय अन्य माँगों के उपरान्त दिनाँक 10.02.2010 तक चली कई बैठकों में दिनाँक 10.02.2010 को निम्न प्रकार सहमति हुई है :-

(1) गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, अर्ह कास्तकारों को रु0 3350.00 (रु0 तीन हजार तीन सौ पचास मात्र) प्रति व0मी0 की दर से मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में विकसित भू-खण्ड उपलब्ध कराये जाने पर सहमत है।

(2) उक्त भू-खण्ड दिनाँक 08.10.2007 को हुए समझौते के अनुसार अर्हता श्रेणी के अनुसार मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना के भिन्न-भिन्न ब्लाकों/सैक्टरों में लॉटरी के माध्यम से आवंटित किये जायेंगे। इस हेतु प्राधिकरण द्वारा तैयार किये गये योजना के ले-आउट प्लान पर किसी को कोई आपत्ति नही होगी।

(3) प्रभावित कास्तकारों को उक्त 6 प्रतिशत भूमि उपलब्ध कराये जाने की दर के निर्धारण के सम्बन्ध में दिनाँक 01.02.2010 से चले गतिरोध एवं कास्तकारों द्वारा स्थल पर चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यो को बन्द करा दिये जाने पर कास्तकारों के साथ दिनाँक 01.02.2010 से चल रही निरन्तर वार्ताओं के अन्तर्गत दिनाँक 10.02.2010 को बनी सहमति के सम्बन्ध में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त 6 प्रतिशत भूमि में से 2 प्रतिशत व्यवसायिक भूमि निम्न शर्तो के आधीन उपलब्ध कराये जाने पर भी इस शर्त के साथ निर्णय लिया गया कि व्यवसायिक भूमि प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त ही उपलब्ध कराई जा सकेगी अन्यथा 6 प्रतिशत भूमि आवासीय ही उपलब्ध कराई जायेगी।

(ए) - व्यवसायिक भूमि की दरें प्राधिकरण की व्यवसायिक उपयोग हेतु आरक्षित दरें होगी।

(बी) - व्यवसायिक भूमि का अधिकतम क्षेत्रफल 500.00 व0मी0 होगा।

(सी) - भुगतान की पद्यति प्राधिकरण की सामान्य शर्तो के अनुसार होगी।

(4) दिनाँक 08.10.2007 को हुए समझौते के अनुसार अर्जित/कब्जा प्राप्त भूमि पर स्थित कास्तकारों की सम्पत्ति यथा वृक्ष, टयूब वैल आदि का मुआवजा प्रशासन से कास्तकारों को शीघ्र दिलाये जाने हेतु प्राधिकरण द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर शीघ्र मुआवजा दिलवाया जायेगा तथा प्राधिकरण को अर्जित व कब्जा प्राप्त भूमि का उपयोग करने, निर्माण व विकास कार्य करने का पूर्ण अधिकार होगा। प्रथम पक्ष को विकास कार्य करने में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नही किया जायेगा और विकास कार्य में सहयोग प्रदान करेंगे।

(5) दिनाँक 08.10.2007 को हुए समझौते के अनुसार प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत भूमि में यदि कोई जायज आबादी है। उस आबादी का निरीक्षण कराकर आबादी का नियमितिकरण/समायोजन हो सकता है।

डी0 के0 त्यागी
अधिशासी अभियन्ता-प्रथम

(6) दिनाँक 08.10.2007 को हुए समझौते के अनुसार गाँव की मूल/पुरानी आबादी का विकास आवश्यकतानुसार प्राधिकरण द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा एवं यथा आवश्यकता अन्य मूलभूत सुविधाऐं जैसे सामुदायिक केन्द्र, बरातघर, शमशान, बच्चा कब्रिस्तान आदि का निर्माण/विकास भी प्राधिकरण द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा।

(7) मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना में कास्तकारों के लिए खोली जाने वाली योजना के पंजीकरण हेतु स्थानीय कास्तकारों को रियायती दर रू0 100/– प्रति फार्म की दर पर पंजीकरण फार्म उपलब्ध कराया जायेगा।

(8) मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना में खोले जाने वाले पंजीकरण में स्थानीय कास्तकारों को 17 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किये जाने की माँग के बिन्दु पर प्राधिकरण बोर्ड के निर्णयानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(9) ग्रामवासियों के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा दिनाँक 10.02.10 को दिये गये माँग पत्र के अनुसार उपरोक्त के अतिरिक्त उठाये गये बिन्दुओं पर कास्तकारों के साथ अलग से वार्ता एवं विचार विमर्श कर समस्या का हल निकाला जायेगा।

कास्तकारों द्वारा उनके पुर्नवास हेतु आवंटित की जाने वाली 6 प्रतिशत भूमि में से 2 प्रतिशत व्यवासायिक भूमि उपलब्ध कराये जाने की माँग काफी समय से की जाती रही है। विभाग के पत्र सं0–715/12/भू0अ0अ0/09 दिनाँक 21.02.09 द्वारा भी यह प्रकरण शासन के संज्ञान में लाया गया था। इस प्रकार भूमि आवंटन का कोई शासनादेश उपलब्ध नही है। इसलिए दिनाँक 10.02.2010 को हुए समझौते के बिन्दु सं0–3 पर कास्तकारों की उक्त माँग को प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष रखकर दिशा निर्देश प्राप्त किये जाने का उल्लेख समझौता पत्र में निम्नानुसार किया गया है –

अर्ह **कास्तकारों को उक्त 6 प्रतिशत भूमि में से 2 प्रतिशत व्यवसायिक भूमि निम्न शर्तो के आधीन उपलब्ध कराये जाने पर भी इस शर्त के साथ निर्णय लिया गया कि व्यवसायिक भूमि प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त ही उपलब्ध कराई जा सकेगी अन्यथा 6 प्रतिशत भूमि आवासीय ही उपलब्ध कराई जायेगी।**

**(ए) – व्यवसायिक भूमि की दरें प्राधिकरण की व्यवसायिक उपयोग हेतु आरक्षित दरें होगी।**

**(बी) – व्यवसायिक भूमि का अधिकतम क्षेत्रफल 500.00 व0मी0 होगा।**

**(सी) – भुगतान की पद्यति प्राधिकरण की सामान्य शर्तो के अनुसार होगी।**

उपरोक्त के अतिरिक्त समझौता पत्र के बिन्दु सं0–8 में मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना में खोले जाने वाले पंजीकरण में स्थानीय कास्तकारों के 17 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किये जाने की माँग के बिन्दु पर प्राधिकरण बोर्ड के निर्णयानुसार कार्यवाही किये जाने का उल्लेख किया गया है। प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार प्राधिकरण में वर्तमान में निम्नानुसार आरक्षण दिया जा रहा है :–

सचिव

डी0 के0 त्यागी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति | — | 21प्रतिशत |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | — | 2 प्रतिशत |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | --- | 27 प्रतिशत |
| 4 | रक्षा कार्मिक एवं सरकारी कर्मचारी जिनकी आयु 50 वर्ष से अधिक हो | — | 5 प्रतिशत |
| 5 | स्वतन्त्रता सेनानी/संसद सदस्य/विधान सभा/विधान परिषद सदस्य | — | 5 प्रतिशत |
| 6 | उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण कर्मचारी/सिटी बोर्ड कर्मचारी/उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी/उत्तर प्रदेश जल संस्थान कर्मचारी/उत्तर प्रदेश हाऊसिंग बोर्ड कर्मचारी/उत्तर प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन के कर्मचारी/आवास बन्धु के कर्मचारी | — | 2 प्रतिशत |
| 7 | भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित | — | 3 प्रतिशत |
| | **योग** | **—** | **65 प्रतिशत** |

उपरोक्त के क्रम में यह भी अवगत कराना है कि–ग्रेटर नौएडा विकास प्राधिकरण में वर्तमान में निम्नानुसार आरक्षण श्रेणियों का उल्लेख किया गया है :–

| क्र0सं0 | **आरक्षित श्रेणी** | | **आरक्षण का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित औद्योगिक भू–खण्डों पर क्रियाशील औद्योगिक इकाईयां | – | 17.5 प्रतिशत |
| 2. | ग्रामवासी जिनकी भूमि ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रेटर नौएडा के सुनियोजित विकास के लिये अधिग्रहित की गयी है। | – | 17.5 प्रतिशत |
| 3. | ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित वाणिज्यिक भूखण्डों/दुकानों एवं संस्थागत भू–खण्डों पर क्रियाशील वाणिज्यिक एवं संस्थागत इकाईयां | – | 10 प्रतिशत |
| 4. | ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के नियमित कर्मचारी/अधिकारी | – | 5 प्रतिशत |
| | **कुल आरक्षण** | – | **50 प्रतिशत** |

उपरोक्तानुसार स्थानीय कास्तकारों के साथ दिनाँक 10.02.2010 को हुए समझौते के अन्तर्गत समझौते के बिन्दु स०–3 के अनुसार कास्तकारों को आवंटित की जाने वाली 6 प्रतिशत भूमि में से 2 प्रतिशत व्यवसायिक भूमि उपलब्ध कराये जाने एवं बिन्दु सं०–8 के अनुसार योजना में खोले जाने वाले पंजीकरण में स्थानीय कास्तकारों को 17 प्रतिशत आरक्षण प्राधिकरण में प्रचलित उक्त उल्लेखित प्रकिया के अनुसार विभिन्न श्रेणियों हेतु निर्धारित आरक्षण प्रतिशत के सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation) निर्धारित किये जाने का प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है।

(ह०) सचिव

(ह०) डी० के० त्यागी
अधिशासी अभियन्ता-प्रथम

121
12/3/2010

मद सं : 6

विषय :– मधुबन आवासीय योजना के अन्तर्गत ग्रुप–हाउसिंग भूखण्डों में एफ0ए0आर0 2.75 अनुमन्य किए जाने के सम्बन्ध में।

---

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा मेरठ रोड तथा हापुड रोड के मध्य के क्षेत्र में लगभग 1300 एकड़ भूमि पर एक महत्वाकांक्षी आवासीय योजना **मधुबन आवासीय योजना** के रूप में विकसित की जा रही है। योजनान्तर्गत ग्रुप–हाउसिंग, भूखण्डीय विकास आवश्यक जन–सुविधाओं, विभिन्न स्तर के पार्क एवं खुले स्थान इत्यादि नियोजित किए गए है। सम्पूर्ण योजना का मात्र लगभग 11 प्रतिशत क्षेत्रफल ग्रुप–हाउसिंग के विकास हेतु रखा गया है, जबकि कुल आवासीय उपयोग योजना का लगभग 35 प्रतिशत है। अतः स्पष्ट है कि सम्पूर्ण योजना के बहुत छोटे भाग पर ग्रुप–हाउसिंग भूखण्ड प्रस्तावित किए गए है।

गाजियाबाद भवन उपविधि 2008 के अन्तर्गत नए/अविकसित क्षेत्रों में ग्रुप–हाउसिंग भूखण्डों पर एफ0ए0आर0 2.5 अनुमन्य किया गया है । भवन उपविधि के क्लाज संख्या 3.5.1(V) में निम्न प्राविधान है:–

"विकास प्राधिकरण/आवास विकास परिषद द्वारा "बल्क" सेल के रूप में ग्रुप–हाउसिंग, व्यवसायिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक/सामुदायिक सुविधओं हेतु आवंटित की जाने वाली भूमि के सम्पूर्ण क्षेत्रफ़ल पर एफ0ए0आर0 देय होगा, जबकि अन्य योजनाओं के लिए "नेट" भूमि (योजना के कुल क्षेत्रफल में से 18 मीटर एवं अधिक चौडी सडकें, पार्क एवं खुले क्षेत्र तथा सामुदायिक सुविधाओं के क्षेत्रफल को घटाते हुए अवशेष भूमि) पर एफ0ए0आर0 देय होगा।"

योजनान्तर्गत प्राधिकरण द्वारा आवासीय उपयोग के आंशिक भाग पर ही ग्रुप–हाउसिंग प्रस्तावित की गई है तथा शेष भाग में भूखण्डीय विकास प्रस्तावित है, जिसमें अधिकतम एफ0ए0आर0 भूखण्ड क्षेत्रफल के आधार पर 1.25 से 2.00 तक प्राविधानित है। अतः आवासीय क्षेत्र के समुचित उपयोग के दृष्टिगत ग्रुप–हाउसिंग के भूखण्डों पर एफ0ए0आर0 2.75 अनुमन्य किए जाने पर भी समग्र रूप में एफ0ए0आर0 2.5 सीमा अन्तर्गत ही रहेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि नौएडा द्वारा भी अपने नए विकसित किए जाने वाले सैक्टर्स में ग्रुप–हाउसिंग के भूखण्डों पर 2.75 एफ0ए0आर0 अनुमन्य किया गया है। उपरोक्त के दृष्टिगत प्राधिकरण के समक्ष निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत है:–

1. मधुबन आवासीय योजना के अन्तर्गत ग्रुप–हाउसिंग के नियोजित भूखण्डों पर एफ0ए0आर0 2.75 अनुमन्य किया जाए ।
2. ग्रुप–हाउसिंग के भूखण्डों पर क्रय योग्य एफ0ए0आर0 मूल एफ0ए0आर0 2.50 के सापेक्ष ही अनुमन्य किया जाए।

उपरोक्त प्रस्ताव किया जाए प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ/स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

(सी0एस0 गोयल)
सी0ए0टी0पी0

[signature]
कृष्ण कुमार
सचिव

मद सं०– 7

**विषय :–20000 वर्गमी० से अधिक क्षेत्रफल के ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों को निविदा–सह–नीलामी के माध्यम से निस्तारित किये जाने हेतु भुगतान की शर्तों में आंशिक संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।**

---

वर्तमान में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों के निस्तारण हेतु प्रचलित नियम व शर्तों के अन्तर्गत नीलामी के उपरान्त सम्पत्ति विशेष के बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि को समायोजित करते हुए) आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 7 दिन के अन्दर तथा अवशेष 75 प्रतिषत धनराशि 2 माह में बिना ब्याज के अथवा 6 छमाही किश्तों में 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित जमा कराये जाने का प्राविधान है तथा बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि व फ्री–होल्ड/लीज चार्जेज जमा कराकर अनुबन्ध विलेख निष्पादन उपरान्त निर्माण एवं विकास हेतु कब्जा हस्तान्तरित किये जाने की व्यवस्था है। परन्तु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सन्निकट ही स्थित नोएडा प्राधिकरण द्वारा वैश्विक आर्थिक मन्दी के दृष्टिगत ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों के आवंटन हेतु भुगतान की नियम व शर्तों में कुल बिड मूल्य की 5 प्रतिशत धनराशि (पंजीकरण राशि को समायोजित करते हुए) निविदा स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर, अगली 5 प्रतिशत धनराशि निविदा स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 60 दिन के अन्दर, उपरोक्तानुसार कुल 10 प्रतिशत धनराशि तथा 1 साल का अग्रिम लीज किराया जमा कराये जाने के उपरान्त पंजीकृत अनुबन्ध निष्पादित कराते हुए भूखण्ड का कब्जा प्रदान किये जाने, आवंटन तिथि से 2 वर्ष का समय किश्तों के भुगतान हेतु छूट दिये जाने तथा इस 2 वर्ष के समय में मात्र ब्याज लिये जाने एवं 2 वर्ष के उपरान्त अवशेष 90 प्रतिशत धनराशि 16 छमाही किश्तों में ब्याज सहित लिये जाने की नियम एवं शर्तें निर्धारित की गयी हैं।

प्राधिकरण की नव विकासशील मधुबन–बापूधाम योजना व इन्दिरापुरम विस्तार योजना में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आवश्यकताओं के दृष्टिगत बड़े ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड नियोजित कर नोएडा/ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के समतुल्य उच्च स्तर का विकास सुनिश्चित किये जाने की योजना है परन्तु वर्तमान में आई वैश्विक आर्थिक मन्दी तथा उपरोक्त वर्णित भुगतान स्थितियों में कुशल व तकनीकी रुप से सक्षम बिल्डरों को गाजियाबाद में आकर्षित करने में कठिनाई हो सकती है। उक्त के दृष्टिगत नोएडा/ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण की भाँति ही बड़े ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों (20000 वर्गमी० क्षेत्रफल से अधिक) के निस्तारण की नियम व शर्तों में आंशिक संशोधन करते हुए भूखण्ड की धरोहर राशि आरक्षित मूल्य के आधार पर 5 प्रतिशत रखे जाने, बिड/बोली स्वीकृति उपरान्त कुल बिड मूल्य की 5 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि को समायोजित करते हुए) आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 7 दिन के अन्दर, अगली 5 प्रतिशत धनराशि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर तथा उपरोक्तानुसार कुल 10 प्रतिशत धनराशि जमा कराये जाने के उपरान्त लीज रेन्ट व फ्री–होल्ड चार्ज जमा कराते हुए अनुबन्ध विलेख निष्पादित कराकर भूखण्ड का कब्जा प्रदान किये जाने, आवंटन तिथि से 1 वर्ष का समय किश्तों के भुगतान हेतु छूट दिये जाने तथा इस 1 वर्ष के समय में मात्र ब्याज लिये जाने एवं 1 वर्ष के उपरान्त अवशेष 90 प्रतिशत धनराशि 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 12 छमाही किश्तों में जमा कराने की नियम व शर्तें अंगीकृत किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

P.K. Shukla
पंकज कुमार शुक्ला
प्रभारी प्रभारी

अनुराग चौधरी
सहायक अभियन्ता
टी०डी०ए०

महेश चन्द्र शर्मा (…एस० …)
सहायक अभियन्ता/प्रभारी …

… कुमार
सचिव

मद सं०– 8

विषय :– प्राधिकरण की अनावासीय सम्पत्तियों के निस्तारण हेतु निविदा–सह–नीलामी की शर्तों में आंशिक संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।

---

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की योजनाओं में स्थित विभिन्न भू–उपयोगों के भूखण्डों को सार्वजनिक नीलामी से विक्रय किये जाने हेतु शर्तों का निर्धारण प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनाँक 24.05.2004 में मद संख्या–29 पर रखे गये प्रस्ताव के अनुसार किया गया था जिसमें फॉल ऑफ हैमर पर उच्चतम बोलीदाता को कुल बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराया जाना तथा शेष 75 प्रतिशत धनराशि 6 माह में बिना ब्याज के जमा कराया जाना था। प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनाँक 20.07.2006 में 75 प्रतिशत धनराशि 2 माह में बिना ब्याज के अथवा 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 3 वर्ष में जमा कराने के विकल्प देते हुए संशोधित किया गया।

भूखण्डों की नीलामी की प्रक्रिया में नीलामी प्रायः सांय देर तक सम्पन्न हो पाती है। तब तक बैंक का कार्य समय (Working hour) समाप्त हो जाता है, जिस कारण से नीलामी के उपरान्त बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराये जाने हेतु पे–ऑर्डर/बैंक ड्राफ्ट तैयार कराने के लिए उच्चतम बोलीदाताओं के पास पर्याप्त बैंक समय नहीं बचता एवं परिस्थितिवश कई प्रकरण में 25 प्रतिशत धनराशि फॉल ऑफ हैमर पर प्राधिकरण कोष में जमा नहीं हो पाती है। धनराशि जमा न होने पर नियमानुसार 50 प्रतिशत धरोहर राशि काटकर अवशेष राशि उच्चतम बोलीदाता को वापिस कर दी जाती है। इस समस्या के निराकरण हेतु कई बोलीदाताओं द्वारा पूर्व में दिनाँक 30.10.09 एवं 04.12.09 को नीलामी के समय बोली समाप्त होने पर नोएडा/ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की भाँति बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि समायोजित करने के उपरान्त) जमा करने हेतु एक सप्ताह का समय दिये जाने का अनुरोध किया गया था। अतः उपरोक्त के दृष्टिगत प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनाँक 24.05.2004 के निर्णय कुल बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि को समायोजित करते हुये) फॉल ऑफ हैमर पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा जमा कराये जाने की शर्त में आंशिक संशोधन करते हुए आरक्षित दर के आधार पर भूखण्ड के मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि को धरोहर राशि के रुप में आवेदन पत्र के साथ नीलामी के समय जमा कराया जाना तथा नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न होने पर उच्चतम बोलीदाता की बोली स्वीकृत होने की दशा में आवंटी से कुल बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि की अवशेष राशि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 7 दिन के अन्दर प्राधिकरण कोष में जमा कराये जाने की नियम व शर्तों को अंगीकृत कर लिया गया है। उपरोक्त अंगीकृत की गई नियम व शर्तों से प्राधिकरण बोर्ड को अवगत कराने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

P.K.Shukla J.E
[illegible] कुमार शुक्ला अवर अभियन्ता

अनुराग चौधरी सहायक अभियन्ता गा०वि०प्रा०

महेश चन्द्र वर्मा सहायक अभियन्ता (व्यव)

(पी० एस० चौधरी) वित्त नियंत्रक/प्रभारी [illegible]

[illegible] कुमार सचिव

S2 ~~26~~

मद संख्या : 9

विषयः– एन0एच0–24 मार्ग पर लगी प्रकाश व्यवस्था को नगर निगम गाजियाबाद को हस्तान्तरण पर 15 मीटर हाईट के एलीवेटर को प्राधिकरण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

---

अवगत कराना है कि प्राधिकरण द्वारा डासना तिराहे से हिण्डन छिजारसी पुल तक का प्रकाश व्यवस्था को नगर निगम गाजियाबाद द्वारा अधिग्रहण इस शर्त के साथ किया गया है कि 15 मीटर हाईट का एलीवेटर दिनांक 31.03.10 तक उपलब्ध करा देगा। इसी क्रम में ऐलीवेटर क्रय किया जा रहा है। क्रय कर दिनांक 31.03.10 तक अवश्य उपलब्ध कराया जाना है। अन्यथा एन0एच0–24 की प्रकाश व्यवस्था नगर निगम को टेकओवर (हस्तगत) की गयी है स्वतः निरस्त मानी जायेगी, जिस क्रम में उपाध्यक्ष द्वारा दिनांक 31.03.10 तक एलीवेटर क्रय कर तक की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त ऐलीवेटर क्रय करने पर धनांक रू0 22,01,910.00 मात्र का व्यय होना है।

अतः उपरोक्तानुसार एलीवेटर क्रय किये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2009–10 में धनांक रू0 22,01,910.00 की स्वीकृति का प्रस्ताव बोर्ड बैठक के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रेषित है।

JE (Pool)

मद संख्या : 10

विषयः— इन्दिरापुरम योजना में महागुन मेंशन से शिप्रा मॉल तक जाने वाली सड़क का नामकरण शहीद कैप्टन देवेन्द्र सिंह जस के नाम पर करने के सम्बन्ध में।

---

फेडरेशन ऑफ इन्दिरापुरम रेजीडेन्टस वैलफेयर एसोसिशन के महासचिव श्री मोहन सांगवान द्वारा उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को सम्बोधित अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 04.03.2010 (जिसकी प्रति संलग्न है।) द्वारा महागुन मेंशन से शिप्रा मॉल तक जाने वाली सड़क का नामकरण "शहीद कैप्टन देवेन्द्र सिंह जस" के नाम पर करने का अनुरोध किया है।

कैप्टन देवेन्द्र सिंह जस जम्बू और कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए दिनांक 23.02.2010 को शहीद हो गये थे। वह इन्दिरापुरम के वैभवखण्ड स्थित महागुन मेंशन में रहते थे। शहीद कैप्टन देवेन्द्र सिंह जस द्वारा देश के लिए किये गये सर्वोच्च बलिदान को भावी पीढ़ियों के स्मृति पटल में सदैव स्मृति रखने एवं देश प्रेम की प्रेरणा देने हेतु महागुन मेंशन से शिप्रा मॉल तक जाने वाली सड़क का नामकरण "शहीद कैप्टन देवेन्द्र सिंह जस" के नाम पर करने का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

2.8 54

# Federation of Indirapuram Residents Welfare Associations, Indirapuram (FIRWA)

Office : 420, Shakti Khand –IV, Indirapuram, Ghaziabad.

पत्रांक : एफआईआरडब्ल्यूए /04/2010 दिनांक 4.03.2010

सेवा में,

माननीय उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद

विषय : शहीद कैप्टन देविन्दर सिंह जस के नाम पर सड़क का नामकरण ।

महोदय,

अभी हाल में कैप्टन देविन्दर सिंह जस जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए । वह इन्दिरापुरम के वैभव खंड में स्थित महागुन मैन्शन में रहते थे ।

फेडरेशन अनुरोध करती है कि शहीद कैप्टन को श्रद्धांजलि स्वरूप महागुन मैन्शन से शिप्रा मॉल तक जाने वाली सड़क का नामकरण 'शहीद कैप्टन देविन्दर सिंह जस' के नाम पर किया जाए ताकि उनकी यह स्मृति वर्तमान और भावी पीढ़ियों को देशप्रेम की प्रेरणा देती रहे ।

धन्यवाद ·

(मोहन सांगवान)
महासचिव
मोबा : 9250648355

मद सं० 11



**गाजियाबाद महायोजना–2021 के अन्तर्गत विभिन्न जोनों के जोनल प्लान तैयार किये जाने के सम्बन्ध में ।**

---

गाजियाबाद महायोजना–2021 शासनादेश संख्या 2891/8–3–2005–महा/2005 दिनॉक 14–7–05 द्वारा शासन से अनुमोदित है । अनुमोदित महायोजना में विभिन्न जोन्स का सीमाकंन नहीं दर्शाया गया है । शासनादेश संख्या 2184 /आठ–3–4–2006 55 विविध/2002 दिनॉक 20–2–06 द्वारा जोनल डवलपमेंट प्लान शीर्ष प्राथमिकता पर तैयार किये जाने के निर्देश निर्गत है ·

मेरठ रोड के दक्षिण की ओर के क्षेत्र का जोनल प्लान तैयार कराने का कार्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, गाजियाबाद के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया गया था तथा एन0सी0आर0 सेल द्वारा बेस आदि तैयार कराया जा चुका है । स्वीकृत महायोजना के आधार पर समस्त जोनों के जोनल प्लान तैयार कराये जाने आवश्यक हैं किन्तु एन0सी0आर0 सेल द्वारा समस्त जोनों के जोनल प्लान एक साथ तैयार कराये जाने सम्भव नहीं हैं । चूंकि जोनल प्लान तैयार कराने हेतु प्राधिकरण में दक्ष स्टाफ की कमी हैं, अतः शासन द्वारा निर्धारित नीति व निर्गत "Expression of interest" के प्रारूप के आधार पर अन्य जोन्स के जोनल प्लान ख्याति प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से तैयार कराये जाने प्रस्तावित हैं ।

अतः उपरोक्त वर्णित स्थिति में प्राधिकरण के समक्ष निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत हैं :–

1– स्वीकृत महायोजना के आधार पर विभिन्न जोन्स का निर्धारण/ सीमांकन उपाध्यक्ष स्तर से किया जाए ।

2– अवशेष समस्त जोनल प्लान तैयार किये जाने का कार्य ख्याति प्राप्त संस्थाओं से "Expression of interest" आमन्त्रित करते हुए पूर्ण कराया जाए।

उपरोक्त प्रस्ताव प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ/स्वीकृतार्थ प्रस्तुत है ।

---

(जी0एस0 गोयल)
सी0ए0टी0पी0

नरेन्द्र कुमार
सचिव

मद सं० – 12

**विषय :– प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित शैक्षणिक संस्थाओं के भूखण्डों के आवंटन के सम्बन्ध में।**

प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित शैक्षणिक संस्थाओं के भूखण्डों के आवंटन हेतु दिनाँक 26.12.09 से 07.01.2010 तक योजना प्रकाशित कराकर आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये। योजना हेतु दिनाँक 20.12.09 को दैनिक आज, पायनियर, वीर अर्जुन एवं राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया गया। तदोपरान्त अपरिहार्य कारणों से दिनाँक 05.01.2010 को उपरोक्त समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराकर योजना की तिथि 06.01.2010 से 16.01.2010 तक परिवर्तित की गयी। योजना में अन्तिम तिथि तक कुल 19 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार हेतु उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिनाँक 23.01.2010 को सचिव की अध्यक्षता में आवंटन समिति गठित की गयी जिसमें वित्त नियंत्रक, मुख्य वास्तुविद् एवं नगर नियोजक, भूखण्ड विशेष क्षेत्र के सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता/मुख्य अभियन्ता तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद को सदस्य नामित किया गया। सचिव की अध्यक्षता में दिनाँक 30.01.2010 को प्राप्त 19 आवेदन पत्रों की समितियों का उनके मूल प्रपत्रों का परीक्षण किया गया। प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार हेतु समिति की दिनाँक 02.02.2010 को सचिव कक्ष में बैठक आहुत की गयी। बैठक में आवंटन समिति की संस्तुति का विवरण निम्नवत है :–

आवेदन पुस्तिका में पात्रता हेतु निम्न शर्तें रखी गयी थीं :–

1.1 (अ) शैक्षिक संस्था को रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी अथवा ट्रस्ट के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिये।

(ब) जिन संस्थाओं द्वारा पूर्व में ही स्कूल संचालित किये जा रहे हैं, उन संस्थाओं को आवेदन पत्र के साथ संचालित स्कूल के प्राधिकृत शिक्षा बोर्ड को मान्यता प्राप्त होने का प्रमाण पत्र तथा स्कूल संचालित किये जाने के संस्था के अनुभव का विवरण संलग्न करना होगा।

(स) नई संस्था द्वारा आवेदन किये जाने पर संस्था के पदाधिकारीयों का शिक्षा के क्षेत्र का अनुभव, योगदान तथा शिक्षा के प्रसार की परिकल्पना का स्वरुप संलग्न करना होगा।

(द) यदि किसी संस्था को प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भी समान प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित की गयी है तो पूर्व आवंटन की शर्तों के अनुपालन का परीक्षण तथा संस्था द्वारा प्राधिकरण से आवंटित भूमि पर निर्माण की वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया जायेगा।

(य) यदि, एक भूखण्ड के विरूद्ध एक से अधिक संस्थायें चयन हेतु उपयुक्त पाई जाती हैं, तो वरीयता एकमुश्त भुगतान करने वाली संस्था को दी जायेगी। एक से अधिक संस्थायें एकमुश्त भुगतान करने हेतु सहमत होंगी तो लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से आवंटन किया जायेगा।

1.2. आवेदक संस्था की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होना आवश्यक है। संस्था की सुदृढ़ आर्थिक स्थिति के प्रमाण पत्र के रुप में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत सॉलवेन्सी प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों पर उपर्युक्त शर्तों के दृष्टिगत विचार हेतु निम्न नॉर्म्स निर्धारित किये गये :–

P.K. Shukla
पंकज कुमार शुक्ला
अवर अभियन्ता

महेश चन्द्र मौर्य
सहा० अभियन्ता (...)

(पी० एस० ...)
वित्त नियंत्रक/प्रभारी ...

1. शैक्षिक संस्था को रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी अथवा ट्रस्ट के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिये।
2. पूर्व से स्कूल संचालित करने वाली संस्थाओं के द्वारा संचालित किये जा रहे स्कूल की प्राधिकृत शिक्षा बोर्ड की मान्यता तथा अनुभव के आधार पर विचार।
3. नई संस्था द्वारा आवेदन किये जाने पर संस्था के पदाधिकारियों का शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव तथा योगदान पर विचार।
4. एक से अधिक संस्थाओं/समितियों के किसी भूखण्ड पर चयन हेतु उपयुक्त पाये जाने पर एकमुश्त भुगतान करने वाली संस्था को वरीयता। यदि एक से अधिक संस्थायें एकमुश्त भुगतान करने हेतु सहमत हों तो उन संस्थाओं के मध्य लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से आवंटन।
5. जिन संस्थाओं द्वारा किश्तों में भुगतान हेतु विकल्प दिया है उनके द्वारा स्कूल भूखण्डों के कुल मूल्य की कम से कम 25 प्रतिशत धनराशि हेतु संस्था द्वारा या तो बैंक सॉल्वेन्सी प्रस्तुत की गयी हो या एफ.डी.आर./एकाउन्ट बेलेन्स आदि के माध्यम से अपनी वित्तीय स्थिति प्रमाणित की गयी हो। जिन संस्थाओं द्वारा एकमुश्त भुगतान का विकल्प दिया गया है उनके द्वारा आवेदित भूखण्ड के कुल मूल्य की बैंक सॉल्वेन्सी या एफ.डी.आर./एकाउन्ट बेलेन्स के माध्यम से अपनी वित्तीय स्थिति प्रमाणित की गयी हो।
6. संस्था द्वारा संलग्न की गयी प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर मानकों के अनुसार विद्यालय भवन निर्मित करने तथा संचालन में सक्षम व ख्याति प्राप्त संस्थाओं को वरीयता।

उपरोक्त के क्रम में विभिन्न विद्यालय भूखंडों हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुए उनके आवंटन के लिए समिति द्वारा निम्नानुसार संस्तुति प्रस्तुत की गयीं :–

| क॰सं॰ | भूखण्ड संख्या | स्कूल/संस्था का नाम |
|---|---|---|
| 1 | गोविन्दुपरम जी.–ब्लॉक कैच भूखण्ड, 692.72 वर्गमी॰ | निर्धारित नॉर्म्स पूरे किये जाने वाली तीनों संस्थाओं के अभिलेखों का विस्तृत परीक्षण व संस्था द्वारा चलाये जा रहे स्कूलों का स्थलीय निरीक्षण हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित किये जाने व तद्नुसार समिति की अनुशंसा के अनुरुप निर्णय लेने की संस्तुति। |
| 2 | स्वर्णजयन्तीपुरम डी.–ब्लॉक प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2075.76 वर्गमी॰ | किसी भी संस्था द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पूरा न किये जाने के कारण आवंटित न किये जाने की संस्तुति। |
| 3 | इन्दिरापुरम शक्तिखण्ड–4, प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2558.47 वर्गमी॰ | अनन्त एजुकेशनल सोसायटी। |

P.K. Shukla
पंकज कुमार शुक्ला
अवर अभियन्ता

महेश चन्द्र शर्मा
सहायक अभियन्ता (प्राव)

(पी॰ एस॰ बावरी)
वित्त नियंत्रक/प्रभारी व्यवस्थापक

नरेन्द्र कुमार
सचिव

58
32

| | | |
|---|---|---|
| 4 | वैशाली, सैक्टर–2 प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2182.80 वर्गमी० | दसोहा ग्लोबल सोसायटी। |
| 5 | बृजविहार ई.–ब्लॉक नर्सरी स्कूल भूखण्ड एन.एस.–2, 882.95 वर्गमी० | निर्धारित नॉर्म्स पूरे किये जाने वाली दोनों संस्थाओं के अभिलेखों का विस्तृत परीक्षण व संस्था द्वारा चलाये जा रहे स्कूलों का स्थलीय निरीक्षण हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित किये जाने व तद्नुसार समिति की अनुशंसा के अनुरुप निर्णय लेने की संस्तुति। |
| 6 | बृजविहार ई.–ब्लॉक कैच भूखण्ड, 490.00 वर्गमी० | माँ सरस्वती शिशु शिक्षा समिति द्वारा विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने पर इन्हें भूखण्ड आवंटित किये जाने पर विचार किया जायेगा। |
| 7 | इन्द्रप्रस्थ पॉकिट–डी, प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 5144.49 वर्गमी० | मात्र एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। संस्था द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पूरा न किये जाने के कारण आवंटित न किये जाने की संस्तुति। |

समिति की संस्तुति दिनाँक 02.02.2010 एवं सम्बन्धित तुलनात्मक तालिका संलग्न है। शासनादेश संख्या 3018/11–5–89–660 डीए/89 दिनाँक 05.07.89 एवं संशोधित शासनादेश दिनाँक 07.07.94 के कम में आवंटन हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु समिति की संस्तुति के अनुसार उपरोक्तानुसार शिक्षण संस्थाओं को विद्यालय भूखण्डों के आवंटन का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

P.K.Shukla
पंकज कुमार शुक्ला
अवर अभि०

महेश चन्द्र शर्मा
सहायक अभियन्ता(...)

(पी० एस० चौधरी)
वित्त नियंत्रक/प्रभारी ...

... कुमार
सचिव

## स्कूल भूखण्डों के आवंटन हेतु दिनाँक 02.02.2010 को हुई बैठक में विचार विमर्श के अनुसार समिति की संस्तुतियाँ

प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित शैक्षणिक संस्थाओं के भूखण्डों के आवंटन हेतु दिनाँक 26.12.09 से 07.01.2010 तक योजना प्रकाशित कराकर आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये। योजना हेतु दिनाँक 20.12.09 को दैनिक आज, पायनियर, वीर अर्जुन एवं राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया गया। तदोपरान्त दिनाँक 05.01.2010 को उपरोक्त समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराकर योजना की तिथि 06.01.2010 से 16.01.2010 तक परिवर्तित कर दी गयी। योजना में अन्तिम तिथि तक कुल 19 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार हेतु उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिनाँक 23.01.2010 को सचिव की अध्यक्षता में आवंटन समिति गठित की गयी जिसमें वित्त नियंत्रक, मुख्य वास्तुविद् एवं नगर नियोजक, भूखण्ड विशेष क्षेत्र के सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता/मुख्य अभियन्ता तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद को सदस्य नामित किया गया। सचिव की अध्यक्षता में दिनाँक 30.01.2010 को प्राप्त 19 आवेदन पत्रों की समितियों का उनके मूल प्रपत्रों का मिलान किया गया। प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार हेतु समिति की दिनाँक 02.02.2010 को सचिव कक्ष में बैठक आहुत की गयी। बैठक में आवंटन समिति की संस्तुति का विवरण निम्नवत है :–

आवेदन पुस्तिका में पात्रता हेतु निम्न शर्तें रखी गयी थीं :–

1.1 (अ) शैक्षिक संस्था को रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी अथवा ट्रस्ट के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिये।

(ब) जिन संस्थाओं द्वारा पूर्व में ही स्कूल संचालित किये जा रहे हैं, उन संस्थाओं को आवेदन पत्र के साथ संचालित स्कूल के प्राधिकृत शिक्षा बोर्ड को मान्यता प्राप्त होने का प्रमाण पत्र तथा स्कूल संचालित किये जाने के संस्था के अनुभव का विवरण संलग्न करना होगा।

(स) नई संस्था द्वारा आवेदन किये जाने पर संस्था के पदाधिकारीयों का शिक्षा के क्षेत्र का अनुभव, योगदान तथा शिक्षा के प्रसार की परिकल्पना का स्वरुप संलग्न करना होगा।

(द) यदि किसी संस्था को प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भी समान प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित की गयी है तो पूर्व आवंटन की शर्तों के अनुपालन का परीक्षण तथा संस्था द्वारा प्राधिकरण से आवंटित भूमि पर निर्माण की वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया जायेगा।

(य) यदि एक भूखण्ड के विरूद्ध एक से अधिक संस्थायें चयन हेतु उपयुक्त पाई जाती हैं, तो वरीयता एकमुश्त भुगतान करने वाली संस्था को दी जायेगी। एक से अधिक

संस्थायें एकमुश्त भुगतान करने हेतु सहमत होंगी तो लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से आवंटन किया जायेगा।

1.2.आवेदक संस्था की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होना आवश्यक है। संस्था की सुदृढ़ आर्थिक स्थिति के प्रमाण पत्र के रुप में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत सॉलवेन्सी प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों पर उपर्युक्त शर्तों के दृष्टिगत विचार हेतु निम्न नॉर्म्स निर्धारित किये गये :-

1. शैक्षिक संस्था को रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी अथवा ट्रस्ट के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिये।
2. पूर्व से स्कूल संचालित करने वाली संस्थाओं के द्वारा संचालित किये जा रहे स्कूल की प्राधिकृत शिक्षा बोर्ड की मान्यता तथा अनुभव के आधार पर विचार।
3. नई संस्था द्वारा आवेदन किये जाने पर संस्था के पदाधिकारियों का शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव तथा योगदान पर विचार।
4. एक से अधिक संस्थाओं/समितियों के किसी भूखण्ड पर चयन हेतु उपयुक्त पाये जाने पर एकमुश्त भुगतान करने वाली संस्था को वरीयता। यदि एक से अधिक संस्थायें एकमुश्त भुगतान करने हेतु सहमत हों तो उन संस्थाओं के मध्य लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से आवंटन।
5. जिन संस्थाओं द्वारा किश्तों में भुगतान हेतु विकल्प दिया है उनके द्वारा स्कूल भूखण्डों के कुल मूल्य की कम से कम 25 प्रतिशत धनराशि हेतु संस्था द्वारा या तो बैंक सॉल्वेन्सी प्रस्तुत की गयी हो या एफ.डी.आर./एकाउन्ट बेलेन्स आदि के माध्यम से अपनी वित्तीय स्थिति प्रमाणित की गयी हो। जिन संस्थाओं द्वारा एकमुश्त भुगतान का विकल्प दिया गया है उनके द्वारा आवेदित भूखण्ड के कुल मूल्य की बैंक सॉल्वेन्सी या एफ.डी.आर./एकाउन्ट बेलेन्स के माध्यम से अपनी वित्तीय स्थिति प्रमाणित की गयी हो।
6. संस्था द्वारा संलग्न की गयी प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर मानकों के अनुसार विद्यालय भवन निर्मित करने तथा संचालन में सक्षम व ख्याति प्राप्त संस्थाओं को वरीयता।

उपरोक्त के क्रम में विभिन्न विद्यालय भूखण्डों हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुए

उनके आवंटन के लिए समिति निम्नानुसार अपना अभिमत प्रकट करती है :—

1 **गोविन्दुपरम जी.—ब्लॉक कैच भूखण्ड, 692.72 वर्गमी०**

इस भूखण्ड हेतु निम्न 5 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया :—

1. सिल्वर लाईन एजुकेशनल ट्रस्ट, गाजियाबाद।
2. इन्द्रशील जैन ट्रस्ट, गाजियाबाद।
3. नेशनल पब्लिक स्कूल समिति, मेरठ।
4. मनोरथ संकल्प समिति, गोरखपुर।
5. रामा एजुकेशनल सोसायटी, कानपुर।

उपरोक्त 5 संस्थाओं में से सिल्वर लाईन एजुकेशनल ट्रस्ट, इन्द्रशील जैन ट्रस्ट तथा नेशनल पब्लिक स्कूल समिति द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पूरे किये गये हैं। अतः निर्धारित नॉर्म्स पूरे किये जाने वाली तीनों संस्थाओं के अभिलेखों का विस्तृत परीक्षण व संस्था द्वारा चलाये जा रहे विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित किये जाने व तद्नुसार समिति की अनुशंसा के अनुरुप निर्णय लेने की संस्तुति की जाती है।

2. **स्वर्णजयन्तीपुरम डी.—ब्लॉक प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2075.76 वर्गमी०**

इस भूखण्ड हेतु निम्न 2 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया :—

1. सिल्वर लाईन एजुकेशनल ट्रस्ट, गाजियाबाद।
2. उत्कर्षनी एजुकेशनल ट्रस्ट, लखनऊ।

उपरोक्त दोनों संस्थाओं में से सिल्वर लाईन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तावित स्कूल भूखण्ड पर निर्माण हेतु विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट संलग्न नहीं की गयी है। उत्कर्षनी एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तावित स्कूल भूखण्ड पर निर्माण हेतु विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट, संस्था द्वारा संचालित किये जा रहे अन्य स्कूल/सदस्यों के शिक्षा क्षेत्र के अनुभव को संलग्न नहीं किया गया है। आवेदित समितियों के प्रपत्रों के सत्यापन के समय आवेदित ट्रस्ट द्वारा प्रपत्रों का सत्यापन भी नहीं कराया गया। अतः स्वर्णजयन्तीपुरम डी.—ब्लॉक प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2075.76 वर्गमी० हेतु आवेदित दोनों संस्थाओं द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पूरे न किये जाने के कारण इस स्कूल भूखण्ड को इस योजना में आवंटित न किये जाने की संस्तुति की जाती है।

3. **इन्दिरापुरम शक्तिखण्ड—4, प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2558.47 वर्गमी०**

इस भूखण्ड हेतु निम्न 3 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया :—

1. दसोहा ग्लोबल सोसायटी।
2. रामा एजुकेशनल सोसायटी।
3. अनन्त एजुकेशनल सोसायटी।

उपरोक्त तीनों संस्थाओं में से दसोहा ग्लोबल सोसायटी तथा अनन्त एजुकेशनल सोसायटी द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पूरे किये गये हैं। दसोहा ग्लोबल सोसायटी वर्ष 2009 से पंजीकृत है। सोसायटी द्वारा रू॰ 400.00 लाख की बैंक सॉल्वैन्सी प्रस्तुत की गयी है। सोसायटी की प्रेसीडेन्ट द्वारा अन्य शिक्षण संस्थाओं इन्जीनियरिंग कॉलिज/मैडीकल कॉलिज संचालित किये जाने में अपना योगदान तथा अनुभव को भी प्रस्तुत किया है। अनन्त एजुकेशनल सोसायटी वर्ष 2006 से पंजीकृत है। सोसायटी द्वारा रू॰ 500.00 लाख की बैंक सॉल्वैन्सी प्रस्तुत की गयी है। सोसायटी के सचिव द्वारा अन्य शिक्षण संस्थाओं इन्जीनियरिंग कॉलिज/मैडीकल कॉलिज संचालित किये जाने में अपना योगदान तथा अनुभव को भी प्रस्तुत किया है। सोसायटी द्वारा एकमुश्त भुगतान का विकल्प भी प्रस्तुत किया गया है। रामा एजुकेशनल सोसायटी द्वारा पूर्व में चलाये जा रहे विद्यालयों अथवा समिति के सदस्यों के शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव को प्रस्तुत नहीं किया गया है। रामा एजुकेशनल सोसायटी आवंटन हेतु निर्धारित नॉर्म्स को पूरा नहीं करती हैं। अनन्त एजुकेशनल सोसायटी वर्ष 2006 से पंजीकृत है तथा समिति द्वारा एकमुश्त भुगतान का विकल्प भी प्रस्तुत किया है। अतः आवंटन की शर्तों के अधीन समिति द्वारा दिये गये एकमुश्त भुगतान के विकल्प को दृष्टिगत रखते हुए दसोहा ग्लोबल सोसायटी पर वरीयता देते हुए इन्दिरापुरम शक्तिखण्ड–4, प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2558.47 वर्गमी॰ को अनन्त एजुकेशनल सोसायटी के पक्ष में आवंटित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

4. **वैशाली, सैक्टर–2 प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2182.80 वर्गमी॰**

इस भूखण्ड हेतु निम्न 2 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया :–

1. दसोहा ग्लोबल सोसायटी।
2. अनन्त एजुकेशनल सोसायटी।

उपरोक्त दोनों संस्थाओं दसोहा ग्लोबल सोसायटी तथा अनन्त एजुकेशनल सोसायटी द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पूरे किये गये हैं। अनन्त एजुकेशनल सोसायटी वर्ष 2006 से पंजीकृत है। सोसायटी द्वारा रू॰ 500.00 लाख की बैंक सॉल्वैन्सी प्रस्तुत की गयी है। सोसायटी के सचिव द्वारा अन्य शिक्षण संस्थाओं इन्जीनियरिंग कॉलिज/मैडीकल कॉलिज संचालित किये जाने में अपना योगदान तथा अनुभव को भी प्रस्तुत किया है। दसोहा ग्लोबल सोसायटी वर्ष 2009 से पंजीकृत है। सोसायटी द्वारा रू॰ 400.00 लाख की बैंक सॉल्वैन्सी प्रस्तुत की गयी है। सोसायटी की प्रेसीडेन्ट द्वारा अन्य शिक्षण संस्थाओं

इन्जीनियरिंग कॉलिज/मैडीकल कॉलिज संचालित किये जाने में अपना योगदान तथा अनुभव को भी प्रस्तुत किया है। सोसायटी द्वारा एकमुश्त भुगतान का विकल्प भी प्रस्तुत किया गया है। अतः आवंटन की शर्तों के अधीन समिति द्वारा दिये गये एकमुश्त भुगतान के विकल्प को दृष्टिगत रखते हुए अनन्त एजुकेशनल सोसायटी पर वरीयता देते हुए वैशाली, सैक्टर–2 प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 2182.80 वर्गमी० को दसोहा ग्लोबल सोसायटी के पक्ष में आवंटित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

5. **बृजविहार ई.–ब्लॉक नर्सरी स्कूल भूखण्ड एन.एस.–2, 882.95 वर्गमी०**

इस भूखण्ड हेतु निम्न 2 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया :–

1. सिल्वर लाईन एजुकेशनल ट्रस्ट, गाजियाबाद।
2. मिनर्वा यूनिवर्सल एजुकेशनल एन्ड कल्चरल सोसायटी, दिल्ली।

उपरोक्त दोनों संस्थाओं सिल्वर लाईन एजुकेशनल ट्रस्ट तथा मिनर्वा यूनिवर्सल एजुकेशनल एन्ड कल्चरल सोसायटी द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पूरे किये गये हैं। अतः निर्धारित नॉर्म्स पूरे किये जाने वाली दोनों संस्थाओं के अभिलेखों का विस्तृत परीक्षण व संस्था द्वारा चलाये जा रहे विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित किये जाने व तद्नुसार समिति की अनुशंसा के अनुरुप निर्णय लेने की संस्तुति की जाती है।

6. **बृजविहार ई.–ब्लॉक कैच भूखण्ड, 490.00 वर्गमी०**

इस भूखण्ड हेतु निम्न 4 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया :–

1. माँ सरस्वती शिशु शिक्षा समिति, गाजियाबाद।
2. उत्कर्षनी एजुकेशनल ट्रस्ट, लखनऊ।
3. विद्या दर्पण सोसायटी, दिल्ली।
4. मनोरथ संकल्प समिति, गोरखपुर।

उपरोक्त चारों संस्थाओं में से उत्कर्षनी एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तावित स्कूल भूखण्ड पर निर्माण हेतु विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट, संस्था द्वारा संचालित किये जा रहे अन्य स्कूल/सदस्यों के शिक्षा क्षेत्र के अनुभव को संलग्न नहीं किया गया है। आवेदित समितियों के प्रपत्रों के सत्यापन के समय आवेदित ट्रस्ट द्वारा प्रपत्रों का सत्यापन भी नहीं कराया गया। मनोरथ संकल्प समिति द्वारा बैंक सॉल्वेन्सी प्रस्तुत नहीं की गयी है तथा समिति द्वारा पूर्व में चलाये जा रहे विद्यालयों अथवा समिति के सदस्यों के शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव को प्रस्तुत नहीं किया गया है। विद्या दर्पण सोसायटी द्वारा आवेदन पत्र के साथ संस्था द्वारा संचालित किये जा रहे अन्य स्कूल/सदस्यों के शिक्षा क्षेत्र के अनुभव को संलग्न नहीं किया गया है। माँ सरस्वती शिशु शिक्षा समिति वर्ष 2002 से पंजीकृत है एवं समिति द्वारा प्राइमरी स्तर तक का

स्कूल वर्ष 2004 से वर्ष 2008 तक संचालित किया गया है। समिति द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी मान्यता प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत किया है। समिति द्वारा एकमुश्त भुगतान का विकल्प भी प्रस्तुत किया है। समिति सभी निर्धारित नॉर्म्स पूरा करती है किन्तु समिति द्वारा प्रस्तावित स्कूल भूखण्ड पर निर्माण हेतु विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट संलग्न नहीं की है। उपरोक्त चारों संस्थाओं में से उत्कर्षनी एजुकेशनल ट्रस्ट, मनोरथ संकल्प समिति तथा विद्या दर्पण सोसायटी आवंटन हेतु निर्धारित नॉर्म्स को पूरा नहीं करती हैं। माँ सरस्वती शिशु शिक्षा समिति नॉर्म्स पूरा करती है किन्तु समिति द्वारा प्रस्तावित स्कूल भूखण्ड पर निर्माण हेतु विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट संलग्न नहीं किये जाने के कारण इस स्कूल भूखण्ड को आवंटित नही किये जाने तथा समिति द्वारा विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने पर इनके आवेदन पर विचार किये जाने की संस्तुति की जाती है।

7. **इन्द्रप्रस्थ पॉकिट–डी, प्राइमरी स्कूल भूखण्ड, 5144.49 वर्गमी॰**

इस भूखण्ड हेतु केवल एक आवेदक जी.सी. पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। समिति वर्ष 2000 से पंजीकृत है तथा वर्ष 2002 से जूनियर स्तर तक का स्कूल संचालित कर रही है। समिति ने रु॰ 25 लाख की बैंक सॉल्वेन्सी प्रस्तुत की है। समिति द्वारा प्रस्तुत की गयी बैंक सॉल्वेन्सी 5144.49 वर्गमी॰ के भूखण्ड पर प्रोजेक्ट पूर्ण करने के लिए पर्याप्त नहीं है। योजना में मात्र एक ही आवेदन आया है। जिनके द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पूर्ण नहीं किये गये हैं। उपरोक्त के क्रम में आवेदक जी.सी. पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति को निर्धारित नॉर्म्स पूर्ण नहीं किये जाने पर भूखण्ड आवंटित न किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः इन्द्रप्रस्थ पॉकिट–डी स्थित प्राइमरी स्कूल भूखण्ड को आवंटित न किये जाने की संस्तुति की जाती है।

उपरोक्त भूखण्डों पर प्राप्त आवेदनों की तुलनात्मक तालिका संलग्न है। उपरोक्तानुसार क्रम सं॰–3 पर इन्दिरापुरम शक्तिखण्ड–4, प्राइमरी स्कूल भूखण्ड तथा क्रम सं॰–4 पर वैशाली, सैक्टर–2 प्राइमरी स्कूल भूखण्ड को आवंटित किये जाने की संस्तुति की जाती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Sd.<br>(पी.एस.चौधरी)<br>वित्त नियंत्रक | Sd.<br>(जी.एस.गोयल)<br>सी.ए.टी.पी. | Sd.<br>(अनिल गर्ग)<br>मुख्य अभियन्ता | Sd.<br>(रविन्द्र सिंह)<br>जिला विद्यालय निरीक्षक | Sd.<br>(नरेन्द्र कुमार)<br>सचिव |

# Ghaziabad Development Authority

## Govindpuram G Block Creche Plot

Area – 692.72 Sq. Meter | Rate – Rs. 3120.00 Per Sq. Meter | Amount – Rs. 21.61 Lacs.

| S. No. | Name of Educational Society | Registration Amount Deposited (Rs.) | Registered from | Experience | | | Students Strength | | | Financial Status/ Bank Solvency (Rs. in Lacs) | Project Report | Payments Plan Option Given | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Running Institutes | Recognized up to | Recognized Since | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Silverline Educational Trust.Ghaziabad | 50,000.00 | 1999 | Silverline School. A-2/1. B.S.Road Industrial Area. Ghaziabad | XIIth | 2006 | - | - | 1272 | 25.00 | Submitted | Installments | Eligible for Consideration |
| 2 | Indersheel Jain Trust.Ghaziabad | 50,000.00 | 1999 | Profile of Chairman and Experience in the field of Education is Given | | | | | | 25.00 | Submitted | Installments | Eligible for Consideration |
| 3 | National Public School Samiti. Meerut | 50,000.00 | 1997 | National Public School Samiti. Harra. Meerut | Vth | 1997 | 476 | 432 | 470 | 16.00 | Submitted | Installments | Eligible for Consideration |
| 4 | Manorath Sankalp Society Gorakhpur | 50,000.00 | 2008 | Details Not Submitted | | | | | | Not submitted | Submitted | Installments | Experience not found. Financial Status not sound. |
| 5 | Rama Educationl Society. Kanpur | 50,000.00 | 2003 | Details Not Submitted | | | | | | 400 .00 | Submitted | Installments | Experience not found |

| Sd. | Sd. | Sd. | Sd. | Sd. |
|---|---|---|---|---|
| (पी.एस.चौधरी) | (जी.एस.गोयल) | (अनिल गर्ग) | (रविन्द्र सिंह) | (नरेन्द्र कुमार) |
| वित्त नियंत्रक | सी.ए.टी.पी. | मुख्य अभियन्ता | जिला विद्यालय निरीक्षक | सचिव |

85

# Ghaziabad Development Authority

## Swarn Jayanti Puram D Block Primary School Plot

Area – 2075.76 Sq. Meter    Rate – Rs. 3120.00 Per Sq. Meter    Amount – Rs. 64.76 Lacs.

| S. No. | Name of Educational Society | Registration Amount Deposited (Rs.) | Registered from | Experience | | | Students Strength | | | Financial Status/ Bank Solvency (Rs. in Lacs) | Project Report | Payments Plan Option Given | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Running Institutes | Recognized up to | Recognized Since | 2007 -08 | 2008 -09 | 2009 -10 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Silverline Educational Trust.Ghaziabad | 1.00,000.00 | 1999 | Silverline School. A-2/1. B.S.Road Industrial Area. Ghaziabad | XIIth | 2006 | | | 1272 | 60 .00 | Not Submitted | Installments | Project Report not Submitted |
| 2 | Utkarshani Educational Trust. Luckhnow | 1.00,000.00 | 2007 | Details Not Submitted | | | | | | 50.00 | Not Submitted | Not Given | Experience not found. Original Papers Not Shown. Project Report not Submitted |

| Sd. | Sd. | Sd. | Sd. | Sd. |
|---|---|---|---|---|
| (पी.एस.चौधरी) | (जी.एस.गोयल) | (अनिल गर्ग) | (रविन्द्र सिंह) | (नरेन्द्र कुमार) |
| वित्त नियंत्रक | सी.ए.टी.पी. | मुख्य अभियन्ता | जिला विद्यालय निरीक्षक | सचिव |

40

# Ghaziabad Development Authority

## Indirapuram Shakti Khand-IV Primary School Plot

Area – 2558.47 Sq. Meter    Rate – Rs. 4320.00 Per Sq. Meter    Amount – Rs. 110.53 Lacs.

| S. No. | Name of Educational Society | Registration Amount Deposited (Rs.) | Registered from | Experience | | | Students Strength | | | Financial Status/ Bank Solvency (Rs. in Lacs) | Project Report | Payments Plan Option Given | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Running Institutes | Recognized up to | Recognized Since | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Dasoha Global Society, Kanpur | 1,00,000.00 | 2009 | Profile of Society President and Experience in the field of Education is Given | | | | | | 400.00 | Submitted | Installments | **Eligible for Consideration** |
| 2 | Rama Educationl Society, Kanpur | 1,00,000.00 | 1995 | Details Not Submitted | | | | | | 400.00 | Submitted | Installments | Experience not found |
| 3 | Anant Educational Society, Kanpur | 1,00,000.00 | 2006 | Profile of Society Secretary and Experience in the field of Education is Given | | | | | | 500.00 | Submitted | One Time | **Eligible for Consideration** |

| Sd. | Sd. | Sd. | Sd. | Sd. |
|---|---|---|---|---|
| (पी.एस.चौधरी) | (जी.एस.गोयल) | (अनिल गर्ग) | (रविन्द्र सिंह) | (नरेन्द्र कुमार) |
| वित्त नियंत्रक | सी.ए.टी.पी. | मुख्य अभियन्ता | जिला विद्यालय निरीक्षक | सचिव |

41 67

# Ghaziabad Development Authority

## Vaishali Sector-2 Primary School Plot

Area – 2182.80 Sq. Meter Rate – Rs.4800.00 Per Sq. Meter Amount – Rs. 104.77 Lacs.

| S. No. | Name of Educational Society | Registration Amount Deposited (Rs.) | Registered from | Experience | | | Students Strength | | | Financial Status/ Bank Solvency (Rs. in Lacs) | Project Report | Payments Plan Option Given | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Running Institutes | Recognized up to | Recognized Since | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Dasoha Global Society, Kanpur | 1,00,000.00 | 2009 | Profile of Society President and Experience in the field of Education is Given | | | | | | 400.00 | Submitted | One Time | Eligible for Consideration |
| 2 | Anant Educational Society, Kanpur | 1,00,000.00 | 2006 | Profile of Society Secretary and Experience in the field of Education is Given | | | | | | 500.00 | Submitted | Installments | Eligible for Consideration |

Sd. (पी.एस.चौधरी) वित्त नियंत्रक

Sd. (जी.एस.गोयल) सी.ए.टी.पी.

Sd. (अनिल गर्ग) मुख्य अभियन्ता

Sd. (रविन्द्र सिंह) जिला विद्यालय निरीक्षक

Sd. (नरेन्द्र कुमार) सचिव

68 42

# Ghaziabad Development Authority

## Brij Vihar E-Block Nursery School Plot N.S.-2

Area – 882.95 Sq. Meter Rate – Rs. 3360.00 Per Sq. Meter Amount – Rs. 29.66 Lacs.

| S. No. | Name of Educational Society | Registration Amount Deposited (Rs.) | Registered from | Experience | | | Students Strength | | | Financial Status/ Bank Solvency (Rs. in Lacs) | Project Report | Payments Plan Option Given | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Running Institutes | Recognized up to | Recognized Since | 2007 -08 | 2008 -09 | 2009 -10 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Silver Line Educational Trust,Ghaziabad | 1,00,000.00 | 1999 | Silver Line School, A-2 1, B.S.Road Industrial Area, Ghaziabad | XIIth | 2006 | - | - | 1272 | 35.00 | Submitted | Installments | **Eligible for Consideration** |
| 2 | Minerva Universal Educational & Cultural Society, Delhi | 1,00,000.00 | 1990 | Minerva Universal Public School, Vaishali, Ghaziabad | VIIIth | 2003 | - | - | 364 | 40.00 | Submitted | Installments | **Eligible for Consideration** |

**Sd.**
(पी.एस.चौधरी)
वित्त नियंत्रक

**Sd.**
(जी.एस.गोयल)
सी.ए.टी.पी.

**Sd.**
(अनिल गर्ग)
मुख्य अभियन्ता

**Sd.**
(रविन्द्र सिंह)
जिला विद्यालय निरीक्षक

**Sd.**
(नरेन्द्र कुमार)
सचिव

43 69

# Ghaziabad Development Authority

## Brij Vihar E-Block Creche Plot

Area – 490.00 Sq. Meter | Rate – Rs. 3360.00 Per Sq. Meter | Amount – Rs. 16.46 Lacs.

| S. No. | Name of Educational Society | Registration Amount Deposited (Rs.) | Registered from | Experience | | | Students Strength | | | Financial Status/ Bank Solvency (Rs. in Lacs) | Project Report | Payments Plan Option Given | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Running Institutes | Recognized up to | Recognized Since | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Maa Saraswati Shishu Shiksha Samiti, Bhopura, Ghaziabad | 50,000.00 | 2002 | Maata Saraswati Shiksha Mandir | Vth | 2004 | 618 | 653 | - | 18.00 | Details of project not Submitted | One Time | Details of Project not submitted. |
| 2 | Utkarshani Educational Trust, Luckhnow | 50,000.00 | 2007 | Details Not Submitted | | | | | | 50 .00 | Not Submitted | - | Experience not found, Original Papers Not Shown, Project Report not Submitted |
| 3 | Vidhya Darpan Society, Delhi | 50,000.00 | 1994 | Details Not Submitted | | | | | | 25.00 | Submitted | One Time | Experience not found |
| 4 | Manorath Sankalp Society Gorakhpur | 50,000.00 | 2008 | Details Not Submitted | | | | | | Not Submitted | Submitted | Installments | Experience not found |

| Sd. | Sd. | Sd. | Sd. | Sd. |
|---|---|---|---|---|
| (पी.एस.चौधरी) | (जी.एस.गोयल) | (अनिल गर्ग) | (रविन्द्र सिंह) | (नरेन्द्र कुमार) |
| वित्त नियंत्रक | सी.ए.टी.पी. | मुख्य अभियन्ता | जिला विद्यालय निरीक्षक | सचिव |

# Ghaziabad Development Authority

## Indraprastha Pocket-D Primary School Plot

Area – 5144.49 Sq. Meter        Rate – Rs. 1920.00 Per Sq. Meter        Amount – Rs. 98.77 Lacs.

| S. No. | Name of Educational Society | Registration Amount Deposited (Rs.) | Registered from | Running Institutes | Experience: Recognized up to | Experience: Recognized Since | Students Strength 2007-08 | Students Strength 2008-09 | Students Strength 2009-10 | Financial Status/ Bank Solvency (Rs. in Lacs) | Project Report | Payments Plan Option Given | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | G.C.Public School Shiksha Samiti, Deepak Vihar, Khoda Colony, Ghaziabad | 1,00,000.00 | 2000 | G.C.Public Junior HighSchool, Deepak Vihar, Khoda Colony, Ghaziabad | VIIIth | 2002 | 531 | 637 | 695 | 25.00 | Submitted | Installments | Financial Status not sound |

**Sd.**
(पी.एस.चौधरी)
वित्त नियंत्रक

**Sd.**
(जी.एस.गोयल)
सी.ए.टी.पी.

**Sd.**
(अनिल गर्ग)
मुख्य अभियन्ता

**Sd.**
(रविन्द्र सिंह)
जिला विद्यालय निरीक्षक

**Sd.**
(नरेन्द्र कुमार)
सचिव

71/45

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

## (टिप्पणियां एवं आदेश)

उपाध्यक्ष / मा0 अध्यक्ष महोदय

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 121वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 12–3–2010 का कार्यवृत्त तैयार कर लिया गया है । कृ0 अनुमोदित करना चाहें ।

( नरेन्द्र कुमार )
सचिव
12/3/10

कृपया अनुमोदनार्थ।

12.03.10
उपाध्यक्ष
गा0वि0प्रा0

मा0 अध्यक्ष जी

12.03.10

उपाध्यक्ष

सचिव

12.3.10

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 121वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 12–3–2010 का कार्यवृत्त

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 121वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 12–03–2010 को सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों/ सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :–

1– श्री अरूण कुमार सिन्हा, अध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण / प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– श्री नरेन्द्र कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।
3– श्री आर0 रमेश कुमार, जिला मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद ।
4– सुश्री निरूपमा मिश्रा, अपर नगर आयुक्त– नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद के प्रतिनिधि ।
5– श्री सुरेश चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ ।
6– श्री एन0आर0 वर्मा, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,उ0प्र0 के प्रतिनिधि ।
7– श्री विजेन्द्र सिंह चौहान , सदस्य(गैर सरकारी)(नगर निगम,गाजियाबाद)गा0वि0प्रा।
8– श्री हरिमोहन, सदस्य(गैर सरकारी)(नगर निगम,गाज़ियाबाद),गा0वि0प्रा0 ।
9– श्री प्रेमचन्द्र भारती, सदस्य(गैर सरकारी)(नगर निगम,गाजियाबाद),गा0वि0प्रा0 ।
10– श्रीमती सुषमा रानी, (गैर सरकारी )नामित सदस्य, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ।

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई । विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त सर्व–सम्मति से निम्नवत् निर्णय लिये गये :–

| मद सं0 | विषय | निर्णय |
|---|---|---|
| 1– | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 16–01–2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | बोर्ड बैठक दिनॉक 16–01–2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्व सम्मति से की गई । मद संख्या – 5 व 6 पर प्राधिकरण सदस्य सर्वश्री मुकेश गर्ग, बिजेन्द्र सिंह चौहान व श्री हरिमोहन कौशिक द्वारा की गई आपत्तियों को नोट करते हुए निर्देशित किया गया कि मद संख्या–5 वांछित सूचना सदस्यों को उपलब्ध करा दी जाये । मद संख्या–6 पर गत बोर्ड बैठक में आपत्तियों पर सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया जा चुका है । अब |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | पुर्नविचार की आवश्यकता नहीं है । |
| 2– | | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 16–01–2010 के कार्यवृत्त पर अनुपालन आख्या। | बोर्ड द्वारा दिनॉक 16–01–2010 के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या अवलोकित की गई । अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि :–<br>गाजियाबाद नगर हेतु कॉम्प्रेहेन्सिव मोबिलिटी प्लान समयबद्ध तैयार करा लिया जाये तथा गाजियाबाद नगर में यातायात से संबंधित विभागों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाये ।<br>मेरठ रोड से लगे नवीन नगरीकरण क्षेत्र के सर्कुलेशन रोड प्लान के संबंध में 15 दिन में कार्यवाही सुनिश्चित करा ली जाये । |
| 3– | | शासनादेश संख्या 1106/ 9–आ–1–(आ0ब0) बोर्ड बैठक /2001 दिनॉक 01–3–2001 के बिन्दु –18 में इंगित बिन्दुओं पर सूचना । | बोर्ड द्वारा शासनादेश संख्या 1106/9–आ– 1–(आ0ब0) बोर्ड बैठक / 2001 दिनॉक 01–3–2001 के बिन्दु –18 में इंगित बिन्दुओं पर दी गयी सूचनाओं का अवलोकन किया गया तथा निम्न निर्देशित किया गया :–<br>ए– मैट्रो पर होने वाले व्यय को बाह्य विकास शुल्क में सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये बी– मैट्रो पर होने वाले व्यय के दृष्टिगत बाह्य विकास शुल्क में इस मद हेतु जोडे जाने वाली धनराशि की देयता इन्टीग्रेटेड टाऊनशिप व हाईटैक टाऊनशिप पर भी भारित किये जाने हेतु पत्र शासन को प्रेषित किया जाये ।<br>सी– रिक्त सम्पत्तियों को वेबसाईट पर डालने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये ।<br>डी– अर्जन के प्रस्तावों की अद्यतन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | स्थिति तैयार की जाये तथा प्रभावी अनुश्रवण/पैरवी की जाये ।<br>ई– सबके लिए आवास कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रताप विहार के पूर्व निर्मित भवनों के निस्तारण हेतु सदस्य श्री बिजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा दिये गये प्रस्ताव का परीक्षण करा लिया जाये । |
| 4– | | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2010–2011 का बजट । | बोर्ड द्वारा सर्व सम्मति से प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2010–2011 का आय–व्ययक ( बजट ) स्वीकृत किया गया । |
| 5– | | प्राधिकरण की मधुबन बापूधाम आवासीय योजना हेतु अर्ह–भू–स्वामियों को अधिग्रहीत भूमि की दी जाने वाली 6 प्रतिशत भूमि में से 2 प्रतिशत व्यवसायिक भूमि दिये जाने तथा योजना के खोले जाने वाले पंजीकरण में स्थानीय कास्तकारों को 17 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किये जाने के संबंध में । | मधुबन बापूधाम योजना के कुछ मामलों में विकित भूमि के बदले दी जानी वाली 6 प्रतिशत आवासीय भूमि में से 2 प्रतिशत व्यवसायिक भूमि इस शर्त के साथ दिये जाने पर प्रस्ताव अनुमोदित किया गया कि प्राधिकरण पर अतिरिक्त व्ययभार नहीं पडेगा तथा योजना की कास्टिंग प्रभावित नहीं होगी ।<br>कास्तकारों को पंजीकरण में 17 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किये जाने संबंधी प्रस्ताव शासन को अग्रसारित किये जाने की संस्तुति की गई । |
| 6– | | मधुबन बापूधाम योजना के अन्तर्गत ग्रुप हाऊसिंग भूखण्डों में एफ0ए0आर0 2.75 अनुमन्य किये जाने के संबंध में । | प्रस्ताव इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया कि योजनान्तर्गत ग्रुप हाऊसिंग भूखण्डों पर जनसंख्या घनत्व 325 ईकाई प्रति हैक्टेयर के अन्तर्गत ही रहेगा । |
| 7– | | 20000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेंत्रफल के ग्रुप हाऊसिंग भूखण्डों को निविदा–सह–नीलामी के माध्यम से निस्तारित किये जाने | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | हेतु भुगतान की शर्तों में आंशिक संशोधन किये जाने के संबंध में । | | |
| 8– | प्राधिकरण की अनावासीय सम्पत्तियों के निस्तारण हेतु निविदा – सह– नीलामी की शर्तों में आंशिक संशोधन किये जाने के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |
| 9– | एन0एच0–24 मार्ग पर लगी प्रकाश व्यवस्था को नगर निगम गाजियाबाद को हस्तान्तरण पर 15 मीटर हाईट के एलीवेटर को प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |
| 10– | इन्दिरापुरम योजना में महागुन मेंशन से शिप्रा मॉल तक जाने वाली सड़क का नामकरण शहीद कैप्टन देवेन्द्र सिंह जस के नाम पर करने के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |
| 11– | गाजियाबाद महायोजना–2021 के अन्तर्गत विभिन्न जोनों के जोनल प्लान तैयार किये जाने के संबंध में | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |
| 12– | प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित शैक्षणिक संस्थाओं के भूखण्डों के आवंटन के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई ।

( नरेन्द्र कुमार )
सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

12.03.10
( नरेन्द्र कुमार चौधरी )
उपाध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

अनुमोदित

12.03.10
( अरूण कुमार सिन्हा )
अध्यक्ष– गाजियाबाद विकास प्राधिकरण /
प्रमुख सचिव–आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ